सोमवार, 2 दिसम्बर 2024

www.samagya.in

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

# समाज्ञा

कोलकाता, मार्गशीर्ष शुक्लपक्ष प्रतिपदा, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये


**मौसम**



| | |
|---|---|
| तापमान | 28 – 20 |
| आर्द्रता | 58% |
| सूर्योदयः 6:01 | सूर्यास्तः 16:51 |




सिंधू और लक्ष्य को एकल खिताब

-पृष्ठ 8

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : हमेशा खुशी और सुकून से अपनी जिन्दगी जिये और खुश रहें।

## जय शाह ने आईसीसी प्रमुख का कार्यभार संभाला



**दुबई :** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के निवर्तमान सचिव जय शाह ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाल लिया। शाह का तात्कालिक लक्ष्य चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर उत्पन्न गतिरोध को समाप्त करने का होगा। इसके साथ उनके सामने क्रिकेट को व्यावसायिक रूप से व्यवहार्य ओलंपिक खेल बनाने की चुनौती होगी। वह इस वैश्विक संस्था का नेतृत्व करने वाले पांचवें भारतीय हैं। छत्तीस साल के शाह पिछले पांच वर्षों से बीसीसीआई सचिव हैं। वह आईसीसी के निदेशक मंडल की सर्वसम्मत पसंद थे। शाह ने न्यूजीलैंड के वकील ग्रेग बार्कले का स्थान लिया, जो लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए पद पर बने रहने के इच्छुक नहीं थे। शाह से पहले व्यवसायी दिवंगत जगमोहन डालमिया, राजनेता शरद पवार, वकील शशांक मनोहर और उद्योगपति एन श्रीनिवासन विश्व क्रिकेट संस्था का नेतृत्व करने वाले भारतीयों में शामिल रहे हैं।

### जनसंख्या में कमी चिंता का विषय

# हर दंपति को कम से कम तीन बच्चे पैदा करने चाहिए : भागवत

### जनसंख्या वृद्धि दर 2.1 से नीचे गई तो समाज हो जाएगा नष्ट



**नागपुर (महाराष्ट्र) :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने जनसंख्या वृद्धि में गिरावट पर चिंता जताते हुए रविवार को कहा कि भारत की कुल प्रजनन दर (टीएफआर) मौजूदा 2.1 के बजाए कम से कम तीन होनी चाहिए। टीएफआर का तात्पर्य एक महिला द्वारा जन्म दिए जाने वाले बच्चों की औसत संख्या से है। नागपुर में 'कठाले कुलसम्मेलन' में उन्होंने परिवारों की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी प्रकाश डाला और आगाह किया कि जनसंख्या विज्ञान के अनुसार, यदि किसी समाज की कुल प्रजनन दर 2.1 से नीचे जाती है, तो यह विलुप्त होने के कगार पर पहुंच सकता है। उन्होंने कहा, ''जनसंख्या में कमी गंभीर चिंता का विषय है। जनसांख्यिकी अध्ययनों से पता चलता है कि जब किसी समाज की कुल प्रजनन दर 2.1 से नीचे जाती है, तो उसके विलुप्त होने का खतरा होता है। इस गिरावट के लिए जरूरी नहीं कि बाहरी खतरे हों; कोई समाज धीरे-धीरे अपने आप ही विलुप्त हो सकता है।'' भागवत ने कहा, ''इस मुद्दे के कारण कई भाषाएं और संस्कृतियां पहले ही विलुप्त हो चुकी हैं। इसलिए, प्रजनन दर को 2.1 से ऊपर बनाए रखना आवश्यक है।'' उन्होंने कहा कि कुटुंब (परिवार) समाज का अभिन्न अंग है और हर परिवार की समाज के गठन में अहमियत है। आरएसएस प्रमुख ने कहा, ''हमारे देश की जनसंख्या नीति, जो 1998 या 2002 के आसपास तैयार की गई थी, कहती है कि जनसंख्या वृद्धि दर 2.1 से नीचे नहीं होनी चाहिए। यह कम से कम तीन होनी चाहिए। (जनसंख्या) विज्ञान ऐसा कहता है।'' राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) के 2021 में जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत की टीएफआर 2.2 से घटकर 2 हो गई है, जबकि गर्भनिरोधक इस्तेमाल की दर 54 प्रतिशत से बढ़कर 67 प्रतिशत हो गई है। कुल प्रजनन दर 2.1 को प्रतिस्थापन दर माना जाता है, जो जनसंख्या वृद्धि में एक महत्वपूर्ण कारक है।

# ढाका में कट्टरपंथियों के हमले का शिकार हुआ पश्चिम बंगाल का युवक, सुनाई आपबीती

### मोबाइल फोन व पर्स छीना



**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के बेलघरिया का रहने वाला 22 वर्षीय सायन घोष बांग्लादेश में कट्टरपंथियों के हमले में घायल होकर अपने घर लौट आया है। घटना के बाद से युवक बहुत डरा हुआ है और मानसिक रूप से काफी परेशान है। सायन घोष बेलघरिया के सोनार बांग्ला इलाके का निवासी है। वह 23 नवंबर को बांग्लादेश के ढाका में अपने एक दोस्त के घर गया था। उसके पास पासपोर्ट और वीजा सहित सभी वैध दस्तावेज थे। इसी दौरान 25 नवंबर को इस्कॉन सन्यासी चिन्मयकृष्ण दास की ढाका हवाई अड्डे पर गिरफ्तारी के बाद बांग्लादेश में कट्टरपंथियों का विरोध प्रदर्शन और हंगामा शुरू हो गया। पीड़ित युवक के मुताबिक, 26 नवंबर को, वह अपने दोस्त के घर के पास स्थित बाजार में खरीदारी करने गया था। इसी दौरान कट्टरपंथियों के एक समूह ने उसे और उसके दोस्त को घेर लिया। जब उन्हें पता चला कि सायन भारतीय नागरिक और हिंदू है, तो उन्होंने उस पर हमला कर दिया। सायन को बुरी तरह पीटा गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके पैसे और मोबाइल फोन भी छीन लिए गए। घटना के बाद सायन और उसके दोस्त ने नजदीकी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराने की कोशिश की, लेकिन वहां भी उन्हें सहयोग नहीं मिला। पुलिस ने उल्टा उनसे सवाल किया कि वे बांग्लादेश क्यों आए थे। सायन के दोस्त को पुलिस ने भारतीय युवक को तुरंत अपने घर से वापस भेजने को कह दिया। घोष ने दावा किया कि दो निजी अस्पतालों में उनका इलाज करने से मना कर दिया गया और अंत में उन्हें ढाका मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल जाना पड़ा। घोष ने बताया कि घटना के तीन घंटे बाद मुझे वहां उपचार मिला। मेरे माथे और सिर पर कई टांके लगे और मेरे मुंह पर भी चोट आई। इसके बाद, दोस्त के परिवारवालों ने सायन को जल्द से जल्द भारत लौटने की सलाह दी। रविवार की सुबह सायन घोष किसी तरह बेलघरिया स्थित अपने घर लौट आया। हालांकि, घटना के बाद से वह डरा हुआ है और मानसिक रूप से काफी तनाव में है। सायन के परिवार ने सरकार से इस घटना पर ध्यान देने और ऐसे मामलों में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

## बांग्लादेशी अधिकारियों ने 54 इस्कॉन सदस्यों को भारत आने से रोका

### वैध दस्तावेजों से कर रहे थे यात्रा

**ढाका :** 'द डेली स्टार' अखबार ने बेनापोल आव्रजन पुलिस के अधिकारी इम्तियाज अहसानुल कादर भुइयां के हवाले से कहा, 'हमने पुलिस की विशेष शाखा से परामर्श किया और उच्च अधिकारियों से निर्देश मिला कि उन्हें (सीमा पार करने की) अनुमति न दी जाए।' भुइयां ने कहा, 'इस्कॉन सदस्यों के पास वैध पासपोर्ट और वीजा थे। लेकिन उनके पास यात्रा के लिए जरूरी विशेष सरकारी अनुमति नहीं थी। ऐसी अनुमति के बिना वे आगे नहीं जा सकते।'

## बांग्लादेश की अदालत गिरफ्तार हिंदू नेता की जमानत याचिका पर कल सुनवाई करेगी

बांग्लादेश की एक अदालत ने पिछले सप्ताह राजद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किए गए हिंदू नेता चिन्मय कृष्ण दास की जमानत पर सुनवाई के लिए तीन दिसंबर की तारीख तय की है। मीडिया में आई खबर में यह जानकारी दी गई है। चटगांव मेट्रोपॉलिटन पुलिस के अतिरिक्त उपायुक्त मोफिज-उर-रहमान के अनुसार, मंगलवार की सुनवाई मेट्रोपॉलिटन सत्र न्यायाधीश मोहम्मद सैफ-उल-इस्लाम द्वारा की जाएगी। चटगांव की अदालत के एक अधिकारी ने बताया कि सुनवाई की तारीख पहले ही तय कर दी गई थी, लेकिन बुधवार और बृहस्पतिवार को वकीलों की हड़ताल के कारण घोषणा में देरी हुई।'बीडीन्यूज24 डॉट कॉम' की रिपोर्ट के अनुसार, सुनवाई तीन दिसंबर को होगी।

## महाकुंभ में 'सनातन बोर्ड' को शीर्ष संतों ने दी मंजूरी, केंद्र को भेजा जाएगा प्रस्तावः अखाड़ा परिषद



**प्रयागराज :** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी ने रविवार को कहा कि यहां महाकुंभ में धर्म संसद के दौरान सनातन बोर्ड के गठन का प्रस्ताव तैयार होगा, जिसे केंद्र सरकार के पास मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में होने वाली धर्म संसद में देश भर के प्रमुख साधु संत हिस्सा लेंगे। महाकुंभ 13 जनवरी से 26 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। एक आधिकारिक बयान में पुरी ने कहा, हम चाहते हैं कि जो भी बोर्ड बने वह केंद्र सरकार से मान्यता प्राप्त हो। साथ ही हमारी कोशिश है कि इस बोर्ड में कोई भी त्रुटि नहीं होनी चाहिए। धर्म संसद में चारों पीठ के शंकराचार्य, 13 अखाड़ों के प्रमुख संत और अन्य धर्माचार्यों को आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य एक सुव्यवस्थित, सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त बोर्ड की स्थापना करना है, जो बिना किसी कमी के सनातन धर्म के सिद्धांतों को कायम रखे। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष ने 'हिंदुत्व के कद को बढ़ाने' के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा करते हुए कहा कि 2019 का कुंभ भव्य था लेकिन आदित्यनाथ के नेतृत्व में आगामी 2025 का महाकुंभ सबसे अलौकिक होने जा रहा है, जिसमें पुराने सभी रिकॉर्ड ध्वस्त होने जा रहे हैं। अखाड़ा परिषद कई वर्ष पहले से ही महाकुंभ की तैयारी शुरू कर देती है।

## जीएसटी संग्रह नवंबर में 8.5 प्रतिशत बढ़कर 1.82 लाख करोड़ रुपये हुआ

**नयी दिल्ली :** घरेलू लेनदेन से अधिक राजस्व मिलने से नवंबर में सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह 8.5 प्रतिशत बढ़कर 1.82 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। रविवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, केंद्रीय जीएसटी संग्रह 34,141 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी 43,047 करोड़ रुपये, एकीकृत आईजीएसटी 91,828 करोड़ रुपये और उपकर 13,253 करोड़ रुपये रहा। नवंबर में कुल सकल जीएसटी राजस्व 8.5 प्रतिशत बढ़कर 1.82 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 1.68 लाख करोड़ रुपये था। अक्टूबर में 1.87 लाख करोड़ रुपये का जीएसटी संग्रह नौ प्रतिशत वार्षिक वृद्धि के साथ दूसरा सबसे अच्छा जीएसटी संग्रह था। अब तक का सबसे अधिक संग्रह अप्रैल, 2024 में 2.10 लाख करोड़ रुपये से अधिक था।


RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555


## महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद को लेकर भाजपा के फैसले का समर्थन करेंगे, महायुति में मतभेद नहीं : शिंदे

**मुंबई :** महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को कहा कि राज्य के नए मुख्यमंत्री के बारे में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) फैसला करेगी जिसका वह पूरा समर्थन करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार के गठन को लेकर महायुति के सहयोगियों के बीच कोई मतभेद नहीं है। शिंदे के बेटे श्रीकांत शिंदे को उपमुख्यमंत्री का पद और शिवसेना को गृह विभाग दिए जाने की अटकलों पर एकनाथ शिंदे ने कहा कि महायुति की तीनों सहयोगी शिवसेना, भाजपा और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) आम सहमति से इस पर फैसला करेंगी। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महायुति को भारी जीत मिलने के एक सप्ताह से अधिक समय बाद भी नयी सरकार का गठन नहीं हुआ है।

### महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद के लिए देवेंद्र फडणवीस का नाम तयः भाजपा नेता

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक वरिष्ठ नेता ने रविवार रात को बताया कि महाराष्ट्र के नए मुख्यमंत्री के तौर पर देवेंद्र फडणवीस का नाम तय हो गया है। पहचान जाहिर नहीं करने की शर्त पर उन्होंने बताया कि भाजपा विधायक दल की बैठक दो या तीन दिसंबर को होगी।

## वक्फ की कितनी संपत्तियों पर है अनधिकृत कब्जा?, संसदीय समिति ने राज्य सरकारों से मांगी जानकारी

**नई दिल्ली :** वक्फ (संशोधन) विधेयक पर विचार कर रही संसदीय समिति ने विभिन्न राज्य सरकारों से वक्फ संपत्तियों की प्रामाणिकता और अद्यतन विवरण के बारे में जानकारी मांगी है। जिन्हें सच्चर समिति ने अनधिकृत कब्जे वाली संपत्ति बताई थी। आपको बता दें कि, संसदीय समिति का कार्यकाल लोकसभा द्वारा अगले बजट सत्र के आखिरी दिन तक बढ़ा दिया गया था। समिति ने वक्फ अधिनियम की धारा 40 के तहत राज्यों से वक्फ बोर्ड द्वारा दावा की गई संपत्तियों का विवरण भी मांगा है। जानकारी के मुताबिक, जेपीसी ने राज्यों से उन संपत्तियों का भी विवरण तलब किया है जिस पर वक्फ बोर्डों ने वक्फ अधिनियम की धारा 40 का इस्तेमाल करते हुए दावा जताया गया था। सूत्रों ने बताया कि संसदीय समिति केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के माध्यम से यह जानकारी एकत्र कर रही है। गौरतलब है कि विभिन्न राज्य वक्फ बोर्डों ने 2005-06 में सच्चर समिति को बताया था कि उनकी जमीन पर अनधिकृत कब्जा है।

## आंध्र प्रदेश में भंग किया राज्य वक्फ बोर्ड

**अमरावती :** आंध्र प्रदेश सरकार ने एक अहम फैसले में राज्य के वक्फ बोर्ड को भंग कर दिया है। इस बोर्ड का गठन पूर्ववर्ती जगनमोहन सरकार के कार्यकाल में हुआ था। मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू की अगुवाई वाली टीडीपी-जेएसपी की सरकार ने राज्य के वक्फ बोर्ड को तत्काल प्रभाव भंग कर दिया है। इसका नाम आंध्र प्रदेश स्टेट वक्फ बोर्ड था। मौजूद आंध्र प्रदेश वक्फ बोर्ड में कुल 11 सदस्य थे, जिनमें से तीन निर्वाचित और बाकी आठ मनोनीत थे। 30 नवंबर के एक आदेश में राज्य सरकार ने वाईएसआरसी सरकार में गठित एपी राज्य वक्फ बोर्ड पर लिए गए एक्शन की जानकारी दी है।


उचित मूल्य में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की नी-रिप्लेसमेंट सर्जरी

सलाह दे रहे हैं विख्यात ऑर्थेपेडिक एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन



DR. SANTOSH KUMAR
Consultant Orthopaedic & Joint Replacement Surgeon
Head, Institute of Computer Assisted
Joint Replacement Surgery, BELLE VUE CLINIC & WOODLANDS HOSPITAL

हमारे समाज में, विशेषकर व्यस्क व्यक्तियों के चलने-फिरने की समस्या का प्रमुख कारण है नी-आरथ्राइटिस। इस प्रकार की समस्याओं को प्राथमिक स्तर पर औषधियों और फिजियोथेरापी से ठीक करना मुमकिन तो है, पर समस्या जटिल होने पर **घुटने का प्रत्यारोपण या नी-रिप्लेसमेंट** ही एकमात्र निश्चित समाधान है।

मेरे तत्वावधान में नी-रिप्लेसमेंट पद्धति बिल्कुल पूर्वनिर्धारित (प्रेडिक्टेबल) है। सबसे पहले हम हर प्रकार के प्रिऑपरेटिव इन्वेस्टिगेशन करते हैं जैसे कि विभिन्न प्रकार के ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट, ईसीजी, इकोकार्डियोग्राफ इत्यादि। मेरे यहाँ रोगियों की सुरक्षा को सबसे अधिक प्राथमिकता दी जाती है। हमारे साथ हैं अनुभवी मेडिसिन चिकित्सक, कार्डियोलॉजिस्ट से सम्मिलित एक पूर्ण समर्पित टीम। सर्जरी के पहले, सर्जरी के दौरान और सर्जरी के बाद भी चिकित्सा से जुड़ी सभी जरूरतों का पूरा ख्या रखना ही हमारी टीम वर्क की सफलता सुनिश्चित करता है।

सम्पूर्ण उपयुक्त (प्रिसिशनल) सर्जरी और इसके बाद रोगी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के उद्देश्य से मैं कम्प्यूटर एसिस्टेड मिनिमली इनवेसिव सर्जरी करता हूँ। रोगी अपनी सम्पूर्ण चिकित्सा में एक दर्दरहित अनुभव का एहसास कर पाएं, मैं इसका पूरा ख्याल रहता हूँ। सर्जरी के बाद रोगी घुटने को मोड़ पाएं और जमीन पर बैठ पाएं, इसके लिए में 'Rotation Platform High Flexion Knees' का इस्तेमाल करता हूँ। सर्जरी के दूसरे दिन से ही रोगी चल-फिर सकते हैं और तीन दिनों में घर वापस जा सकते हैं। मैं हर श्रेणी और हर प्रकार की बीमा कराए व्यक्तियों की सर्जरी करता हूँ और वे सभी व्यक्ति जो किसी बीमा संस्था के दायरे में नहीं आते हैं, उनकी सर्जरी भी बहुत उचित मूल्य में करता हूँ। किसी रोगी की आर्थिक समस्या के बारे में पता चलने पर, मैं उसकी समस्या का भी समाधान करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहता हूँ।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करेंः
DR. SANTOSH KUMAR KNEE FOUNDATION
*Chamber :* Plot No 332, Laketown
Block A, Kolkata-700 089
✆ : 98319 11584 / 98312 66632

e-mail : santdr@gmail.com
www.drsantoshkumarortho.com
www.mykneemylife.org
www.momentumorthocare.com



जिन दुखों कष्टों का दुनिया में कहीं कोई उपाय नहीं, वह मां दुर्गा के दैवव्य विज्ञान से जड़ से समाप्त
महाब्रह्मर्षि श्री कुमार स्वामी जी सुश्रुत व चरक के बाद जगत में दैवव्य विज्ञान के महान चिकित्सक व सद्गुरु घोषित
प्रमुख देशों के राष्ट्राध्यक्ष महाब्रह्मर्षि श्री कुमार स्वामी जी को किसी भी कीमत पर अपने देश बुलाने को आतुर
समागम में प्रदान किया जाएगा मां दुर्गा का दैवव्य विज्ञान जिससे सभी तत्क्षण होंगे अपने दुखों, कष्टों से मुक्त

8 दिसंबर 2024, सायं 4 बजे, प्रभु कृपा दुख निवारण समागम, स्थानः विधान गार्डन, कैनाल सर्कुलर रोड, उल्टाडांगा बाईपास फ्लाई ओवर के पास, कोलकाता



राष्ट्रपति भवन में महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी के साथ विशेष भेंट में महाब्रह्मर्षि श्री कुमार स्वामी जी ने उन्हें बताया कि विश्व में यूटीआई व अन्य रोगों से 6 करोड़ लोगों की प्रतिवर्ष मृत्यु हो रही है। उनके द्वारा निर्मित मिरेकल वाश से यह रोग जड़ से समाप्त हो जाते हैं। यह जानकर महामहिम जी अद्भुत आश्चर्य व प्रसन्नता से भर गईं।



न्यू साउथ वेल्स पार्लियामेंट, ऑस्ट्रेलिया के सम्मान पत्र को भेंट करते वरिष्ठ सांसद मिस्टर वॉरेन किर्बी



महाब्रह्मर्षि श्री कुमार स्वामी जी के साथ न्यू साउथ वेल्स, ऑस्ट्रेलिया की संसद के स्पीकर माननीय श्री ग्रेग पाइपर जी तथा वरिष्ठ सांसद श्री वॉरेन किर्बी जी

दैवव्यपाश्रय विज्ञान का अद्भुत आलोक जानकर महामहिम राष्ट्रपति जी आश्चर्यचकित प्रसन्नता से भर गईं

नई दिल्ली। 4 मार्च 2024 को राष्ट्रपति भवन में महाब्रह्मर्षि श्री कुमार स्वामी जी की भारत की महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से हुई भेंट बहुत महत्वपूर्ण रही। महाब्रह्मर्षि ने महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी को मां दुर्गा के अद्भुत रहस्यों से अवगत कराया। महाब्रह्मर्षि ने जब मां दुर्गा के इन रहस्यों को महामहिम राष्ट्रपति को बताया तो उनके आश्चर्य की सीमा न रही। महामहिम ने बड़े भक्ति भाव से महाब्रह्मर्षि श्री कुमार स्वामी जी से आशीर्वाद ग्रहण किया व उनका भावपूर्ण स्वागत किया। इस दौरान महाब्रह्मर्षि जी ने दैवव्य विज्ञान के अद्भुत परिणामों के बारे में महामहिम को जानकारी दी कि किस तरह इससे देश दुनिया के करोड़ों स्त्री-पुरुष अपने कष्टों से मुक्त हो चुके हैं। मां दुर्गा का यही दैवव्य विज्ञान समागम में सभी को निःशुल्क प्रदान किया जाएगा।





कैनबरा ऑस्ट्रेलिया की पार्लियामेंट में सांसद मिसेज सैली सेतु श्री महाब्रह्म मयखाना जी के अद्भुत रहस्यों को जानकर आश्चर्यचकित रह गईं।



वर्ल्ड बुक ऑफ रिकार्ड्स अवार्ड प्रदान करते वर्ल्ड बुक ऑफ रिकार्ड्स के प्रेसीडेंट श्री एम. जिडीजा जी

समागम में UTI से संबंधित रोगों के लिए लगेगा निःशुल्क कैंप

समागम में UTI से संबंधित रोगों के लिए डाक्टरों की देखरेख में एक विशेष निःशुल्क कैंप का आयोजन किया जाएगा। इन कैंपों में यूटीआई के कारण हुए रोगों का समाधान विशेषज्ञ डाक्टरों की देखरेख में किया जाएगा।



अमेरिका की न्यूयार्क सीनेट में महाब्रह्मर्षि श्री कुमार स्वामी जी के विषय में निर्विरोध प्रस्ताव पारित करके हुआ अद्भुत सम्मान

गुरुदेव जी की कृपाओं से अभिभूत हूं
-श्री अरुण गोविल जी, सांसद



मेरे परिवार पर तो परम पूज्य गुरुदेव जी की इतनी कृपाएं हुई हैं जिन्हें गिनाना व बताना बहुत मुश्किल है। मैंने पूज्य गुरुदेव जी की कृपा से लोक सभा का चुनाव जीता है। मेरी पूज्य गुरुदेव जी से यही प्रार्थना है कि मुझ पर इतनी कृपा जरूर कर दें कि मैं जब तक पार्लियामेंट में रहूं कंफर्टेबल रहूं, क्योंकि मेरी जीवन में पूज्य गुरुदेव जी की कृपा के बिना कुछ नहीं होता है। हर निर्देश यहीं से होता है। परम पूज्य गुरुदेव जी ने मेरे जीवन में मुझे बहुत सारी शिक्षाएं दी हैं, कोई किताब नहीं थी, छोटी-छोटी बातें थीं। आज मेरे परिवार में जो प्यार और शांति है, वह इनकी कृपा व आशीर्वाद से है। मेरे बच्चों पर भी इन्होंने कृपा की है। पूज्य गुरु जी कभी नहीं कहते कि मैंने कृपा की है। यहां तो जो किया, मां दुर्गा ने किया, परमात्मा ने किया। जो भी किया मां सरस्वती ने किया, मां लक्ष्मी ने किया। परम पूज्य गुरुदेव जी ने जो भी किया है वह अद्भुत है, अनूठा है।

मेरी पत्नी का 35 वर्ष पुराना UTI का रोग ठीक हुआ



मैं वैज्ञानिक बुद्धि होने के नाते कभी इन बातों पर विश्वास नहीं करता था। लेकिन गुरुदेव जी के सान्निध्य में आया तो सुना और जाना कि भारतीय शास्त्रों में कितना ज्ञान है। इतना ही नहीं मेडिकल साइंस में भी प्रयोग करके दिखाया। विदेशों के डाक्टर, वैज्ञानिक इनसे वह फार्मूला लेना चाहते थे और उसके बदले में कई मिलियन डालर उन्होंने ऑफर भी किए लेकिन गुरु जी अपने देश की सेवा करना चाहते हैं। ऐसे ही मिरेकल वी वाश औषधि है जिसका प्रयोग मेरे अपने लोगों ने किया और वे ठीक हो गए। मेरी पत्नी चारु अग्रवाल को 35 वर्षों से यूटीआई की प्रॉब्लम थी। इसकी समस्या बढ़ जाने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती होना पड़ता था। बुखार, ठंड और भयंकर सिरदर्द से उन्हें बहुत परेशानी झेलनी पड़ती थी। साइड इफैक्ट के रूप में कई रोग पनपने लगते थे। जब उन्होंने मिरेकल वी वाश औषधि का प्रयोग किया तो पहले दिन से ही इस औषधि का असर दिखने लगा। धीरे-धीरे वह इससे बिल्कुल मुक्त हो गईं।

श्री पी.एन. अग्रवाल जी
पू. स्पेशल पुलिस कमिश्नर, दिल्ली पुलिस व पू. वैज्ञानिक भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र

यह आश्चर्य नहीं महाआश्चर्य है, मां दुर्गा के पाठ से 20 वर्ष पुराना भयानक कुष्ठ रोग तत्क्षण 10 मिनट में ही जड़ से समाप्त



मैं पीजीआई, चंडीगढ़ से सीनियर डरमैटोलॉजिस्ट हूं। विशेषज्ञ डरमैटोलॉजिस्ट होने के बावजूद मुझे करीब 20 साल से भयानक कुष्ठ रोग व एलर्जी थी। डैंड्रफ से मेरा रोग बढ़ते-बढ़ते सेबोरीक डर्मेटाइटिस हो गया और इसने बहुत ही भयानक रूप धारण कर लिया। डाक्टर होने के बावजूद मेरे पास इसका कोई इलाज नहीं था। इसके लिए मैं दुनिया के अनेक डाक्टरों से इलाज कराकर थक चुका था। फिर मैंने गुरुजी की शरण ली। गुरुजी ने मुझे मां दुर्गा का पाठ तथा दुर्गा मां का पावन जल (वी मिरेकल वाश) का समाधान प्रदान किया। आप जानकर हैरान हो जाएंगे कि मेरा ऐसा भयानक रोग जिसे दुनिया के अनेक वरिष्ठ डाक्टर ठीक नहीं कर पाए वो दैवव्य विज्ञान व पावन जल से केवल 10 मिनट में ही जड़ से समाप्त हो गया। मेरे लिए तो पूज्य गुरुजी परमात्मा के समान हैं जो फ्री में समाधान करते हैं।

डा. जगदीप सिंह ओबराय, एमबीबीएस, एमडी, चंडीगढ़

## बाल विवाह मुक्त भारत वक्त की जरूरत

इक्कीसवीं सदी के भारत में यदि हर पांच में से एक लड़की का विवाह 18 साल से कम उम्र में हो जाए तो इसे विडंबना ही कहा जाएगा। पिछले एक वर्ष में दो लाख बाल विवाह कानून की सख्ती से रोके गए। निश्चित रूप से बाल विवाह मानवाधिकारों का उल्लंघन ही है। जिससे बच्चियां ताउम्र पढ़ाई से वंचित हो जाती हैं और उनका शारीरिक व मानसिक विकास अवरुद्ध हो जाता है। सही मायनों में बाल विवाह कुपोषण एवं गरीबी का ऐसा चक्र पैदा करता है जिसकी कीमत राष्ट्र को चुकानी पड़ती है। चौंकाने वाले आंकड़े हैं कि पश्चिम बंगाल, बिहार व त्रिपुरा में 40 फीसदी लड़कियों के विवाह 18 साल से पहले हो जाते हैं। यही वजह है कि केंद्रीय महिला व बाल विकास मंत्रालय ने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शुरुआत की है। दरअसल, यह शुरुआत उन राज्यों को लेकर की गई है,जहां बाल विवाह की दर राष्ट्रीय औसत से अधिक है। तथ्य यह भी कि समाज में गरीबी और बाल विवाह में सीधा रिश्ता है। एक अध्ययन के अनुसार 75 फीसदी बाल विवाह गरीब परिवारों में होते हैं। जो कालांतर गरीबी के नये दुश्चक्र को जन्म देते हैं। निश्चित रूप से हमारे समाज में गरीबी व रूढ़िवाद के चलते इस कुप्रथा को बल मिलता है। अध्ययन इस बात की पुष्टि करते हैं कि संपन्न, शिक्षित और प्रगतिशील समाजों में बाल विवाह के मामले सामान्यत: नजर नहीं आते। वहीं दूसरी ओर लिंगभेद की सोच भी इन विवाहों को बढ़ावा देती है। अभिभावक विषम परिस्थितियों के चलते अल्पवयस्क लड़कियों का विवाह करके जल्दी अपनी जिम्मेदारियों से मुक्त होना चाहते हैं। यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि स्वतंत्रता से पूर्व देश में वर्ष 1929 में बाल विवाह निषेध कानून बनने के बावजूद इस कुप्रथा पर अंकुश क्यों नहीं लग पाया। पहले धारणा थी कि असुरक्षाबोध के चलते बाल विवाह को बढ़ावा मिलता रहा है। कम से कम स्वतंत्र भारत में बाल विवाह की सोच नहीं रहनी चाहिए थी।

निस्संदेह, राजग सरकार के दौरान बाल विवाह उन्मूलन के लिये सार्थक प्रयास किए गए। हालिया बाल विवाह मुक्त अभियान की शुरुआत से पहले भी सरकार ने इस दिशा में पहल की थी। इससे पहले वर्ष 2006 में बाल विवाह कानून में सुधार किया गया। इसमें लड़कों के विवाह की उम्र 21 व लड़कियों के विवाह की उम्र 18 वर्ष कर दी गई थी। वहीं वर्ष 2021 में राजग सरकार ने 2006 के कानून में सुधार करके लड़कियों की शादी की उम्र 21 साल करने का प्रस्ताव किया था। यूनिसेफ की एक रिपोर्ट भारत में 40 फीसदी के करीब लड़कियों के 18 साल से कम उम्र में विवाह होने की बात कहती है। वहीं नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो और नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे हर रोज चार हजार से अधिक बाल विवाह होने का उल्लेख करते हैं। बाल विवाह उन्मूलन की दिशा में असम सरकार की सफलता का अकसर जिक्र होता है, जहां आंकड़ों में तेजी से गिरावट आई है। केंद्र सरकार का लक्ष्य है कि वर्ष 2029 तक बाल विवाह की दर को पांच फीसदी से नीचे लाया जाए। निस्संदेह, बाल विवाह जहां बच्चियों के मौलिक अधिकारों का हनन है, वहीं उनकी शारीरिक व मानसिक क्षमताओं को भी कमतर करता है। इससे जहां लड़कियों के अधिकारों का अतिक्रमण होता है, वहीं उनके शोषण का भी खतरा रहता है। पढ़ाई बीच में छूट जाने से उनके सपने मर जाते हैं। वहीं दूसरी ओर कम उम्र में शादी और बच्चे होने से उनको स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। पूरी पढ़ाई न होने तथा नौकरी न कर पाने की स्थिति में वे आर्थिक रूप से पतियों पर आश्रित हो जाती हैं। जिससे उनका स्वाभाविक विकास नहीं हो पाता। जिसके चलते अकसर भावनात्मक विभेद का सामना भी करना पड़ता है। बाल विवाह का होना यह भी बताता है कि हमारे समाज में अभी दहेज प्रथा का दबाव कम नहीं हुआ है। जिससे बचने के लिये अभिभावक तुरत-फुरत अल्पवयस्क लड़कियों की शादी कर देते हैं। लेकिन एक हकीकत यह भी कि सिर्फ कानून बनाने से ही इस कुरीति पर अंकुश नहीं लगाया जा सकता, समाज में जागरूकता लाने के लिये भी राष्ट्रव्यापी अभियान चलाना होगा।

# पाक में क्यों बह रहा शिया मुसलमानों का खून



आर.के. सिन्हा

मोहम्मद अली जिन्ना ने जिस इस्लामिक देश पाकिस्तान को बनवाया था, वहां मुसलमान ही अब मुसलमानों की जान के दुश्मन हो गये हैं। वहां सुन्नी और शिया समुदायों के बीच हुए हालिया संघर्ष में 100 से ज्यादा लोगों का खून बहा। हिंसा खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में अफगानिस्तान की सीमा से लगे कुर्रम जिले में हुई। सुन्नी बहुल पाकिस्तान में 24 करोड़ की आबादी में शिया मुस्लिम लगभग 15 प्रतिशत ही हैं। पाकिस्तान में शिया और सुन्नी मुसलमानों के बीच का हालिया संघर्ष जटिल है, जिसके जड़ें सदियों पुरानी धार्मिक और राजनीतिक विभाजन के इतिहास पर टिकी हैं।

वैसे तो कुछ कट्टरपंथी समूह तो दोनों पक्षों में ही मौजूद हैं जो हिंसा का इस्तेमाल करके ही अपने धार्मिक विचारों को आगे बढ़ाने में विश्वास रखते हैं। ये समूह साम्प्रदायिक भेदभाव को बढ़ावा देते हैं और हिंसा को सही ठहराते हैं। पाकिस्तान में सुन्नी समुदाय कतई शिया मुसलमानों को पसंद नहीं करते। इससे साफ है कि इस्लाम अपने मानने वालों को भी नहीं जोड़ता। हालांकि बातें बहुत होती हैं कि सारी दुनिया के मुसलमान एक हैं। लेकिन , ये अपनी इस बात को तो स्वयं ही बार-बार गलत साबित करते रहते हैं ।

पाकिस्तान में शिया मस्जिदों में धमाके और विष्फोट होना भी आम बात हो चुकी है। पेशावर में मई, 2022 में शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान हुए दिल दहलाने वाले आत्मघाती बम विस्फोट में लगभग 60 से अधिक शिया नमाजी मारे गए थे।। हमलावरों ने निशाना बनाया था शिया मुसलमानों और उनकी इबादतगाह को। यह भी याद रखा जाए कि एक इस्लामिक मुल्क में ही शिया मुसलमानों का जीना मुश्किल हो गया है। वे हर वक्त डर-भय के साए में जीने को मजबूर बने रहते हैं। यह हाल उस पाकिस्तान का है जो मुसलमानों के वतन के रूप में बना था।

पेशावर की शिया मस्जिद में हुआ हमला कोई अपने आप में पहली बार नहीं हुआ था। वहां पर शिया मुसलमानों पर लगातार जुल्मों-सितम होते रहे हैं। पाकिस्तान में लगातार प्रतिबंधित संगठन शियाओं के ख़िलाफ़ खुलेआम प्रदर्शन भी करते हैं। इस तरह के ज्यादातर प्रदर्शन लाहौर, क्वेटा, पेशावर वगैरह शहरों में देखने को मिलते हैं। वहां पर शिया मुसलमानों के खिलाफ माहौल बनाने वाला साहित्य भी हर जगह आसानी से वहाँ पर आम लोगों को आसानी से उपलब्ध है।

तालिबान और इसी तरह के अन्य अतिवादी समूहों के विचारों का प्रभाव पाकिस्तान में है, जो साम्प्रदायिक संघर्षों को बढ़ावा देने में मदद करते हैं। यह समूह अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए शिया-सुन्नी संघर्ष का उपयोग आम तौर पर करते हैं। पाकिस्तान में कुछ सियासी नेता साम्प्रदायिक तनाव को अपने राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल करते हैं। वे मतदाताओं को लुभाने के लिए और राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को कमजोर करने के लिए साम्प्रदायिक भावनाओं को भड़काते हैं।

बेशक, पाकिस्तान सरकार की सुन्नी परस्त नीति के कारण साम्प्रदायिक हिंसा को रोकने में नाकामी, या यहां तक कि कुछ मामलों में इसमें सहयोग करने से, इस समस्या को और बढ़ावा मिलता है। पाकिस्तान में कुछ सुन्नी जिन्ना को भी शिया बताते हैं। कौन जाने की एक बार जिन्ना शिया साबित कर दिए गए तो उनकी विरासत को भी बिना कुछ जाने समझे ही पाकिस्तान में धूल में मिला दिया जायेगा।

पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों, विशेषकर शिया मुसलमानों, हिंदुओं, ईसाइयों और सिखों के साथ भेदभाव के कई जटिल कारण हैं, जिनमें धार्मिक कट्टरता, राजनीतिक उद्देश्य और कई सामाजिक-आर्थिक कारक शामिल हैं। कोई एकल कारण नहीं है, बल्कि ये कारक आपस में जुड़े हुए हैं। पाकिस्तान में कुछ अतिवादी आतंकी धार्मिक समूहों का प्रभाव काफी है , जो सुन्नी इस्लाम के एक विशेष व्याख्या का प्रचार करते हैं जो अन्य धर्मों और शिया इस्लाम के प्रति असहिष्णुता को बढ़ावा देता है।

कुछ राजनीतिक दलों और नेताओं ने अपनी राजनीतिक शक्ति बढ़ाने के लिए धार्मिक भावनाओं का इस्तेमाल किया है। वे अल्पसंख्यकों के खिलाफ भेदभाव को बढ़ावा देते हैं, उन्हें दूसरे के रूप में चित्रित करते हैं, जिससे सामाजिक विभाजन बढ़ता है।

पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों को अक्सर सामाजिक और आर्थिक रूप से वंचित किया जाता है। उन्हें अच्छी शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य सेवा तक सीमित पहुँच होती है, जिससे वे और भी हाशिए पर आते ही चले जाते हैं। यह आर्थिक असमानता सामाजिक भेदभाव को और बढ़ाती है। एक समस्या यह भी है कि अल्पसंख्यकों के खिलाफ होने वाले अपराधों में अक्सर अपराधियों को सजा नहीं मिलती है, जिससे उन्हें अन्याय का सामना करना पड़ता है और भेदभाव जारी ही रहता है। न्याय प्रणाली में सुधारों की कमी से अल्पसंख्यकों का भरोसा कम होता है।

अगर आप पाकिस्तान के इतिहास को देखें तो पायेंगे कि पाकिस्तान की स्थापना के समय से ही अल्पसंख्यकों के साथ लगातार अत्याचार और भेदभाव होता रहा है। यह सांस्कृतिक और ऐतिहासिक कारक आज भी भेदभाव को बढ़ावा देते हैं।

पाकिस्तान में हिन्दुओं को भी नफरत की निगाह से देखने वाले भी कम नहीं हैं। हालांकि लगभग सारे पाकिस्तानियों के पुरखे हिन्दू ही तो थे। पाकिस्तान का इतिहास हिन्दुओं के खिलाफ नाइंसाफी और खून से लथपथ है। हालांकि 11 अगस्त,1947 को मोहम्मद अली जिन्ना ने एक भाषण में यह कहा था कि पाकिस्तान में सभी धर्मों के मानने वालों को अपने धार्मिक स्थानों में जाने की अनुमति होगी। यानी पाकिस्तान के विश्व मानचित्र में आने से सिर्फ तीन दिन पहले। उन्होंने अपनी कैबिनेट में जोगिन्दर नाथ मंडल नाम के एक हिन्दू को शामिल भी किया था। वे पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) से थे।मंडल को जिन्ना ने अपनी कैबिनेट में विधि मंत्री की जिम्मेदारी सौंपते हुए कहा था कि इस्लामिक पाकिस्तान में सबके हक सुरक्षित हैं। पर हुआ इसके ठीक विपरीत। मंडल पाकिस्तान के पहले और शायद आखिरी हिन्दू मंत्री बने। वे वहां पर अखिल भारतीय मुस्लिम लीग के नेता थे। मंडल अपने को बाबा साहेब अंबेडकर के विचारों से बहुत प्रभावित बताते थे। वे दलित समुदाय से आते थे। वे 1946 में पंडित नेहरू के नेतृत्व में बनी अंतरिम सरकार में भी विधि मंत्री थे।

जिन्ना की 11 सितंबर, 1948 को मौत के साथ ही मंडल की वहां पर दुर्गति चालू हो गई थी। उनकी हर सलाह को नामंजूर कर दिया जाता। नतीजा यह हुआ कि वे पाकिस्तान को छोड़कर भारत आ गए। ये 1951 के आसपास की बातें हैं। उन्होंने आरोप लगाया था कि पाकिस्तान में हिन्दुओं के साथ नाइंसाफी होती है। इसलिए उनका पाकिस्तान में रहना मुमकिन नहीं होगा। मंडल उसके बाद कोलकत्ता आ गए। उनका 1968 में निधन हो गया। मंडल ने जो कहा था, वह अक्षरशः सही निकला। पाकिस्तान में हिन्दुओं के साथ कभी न्याय नहीं हुआ। इसी का नतीजा था कि जिन्ना का करीबी एक दलित हिन्दू मंत्री तक पाकिस्तान में नहीं रह सका। कुल मिलाकर बात यह है कि पाकिस्तान में अभी तो सिर्फ सुन्नी ही सुरक्षित हैं।आगे क्या होगा शायद खुदा को ख़ुद भी पता न हो । आगे - आगे देखिये होता है क्या? (लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)

# ईवीएम पर फूटा कांग्रेस का गुस्सा : हार के लिए बताया जिम्मेदार



बाल मुकुन्द ओझा

हरियाणा के बाद महाराष्ट्र में शर्मनाक हार के बाद आखिर कांग्रेस सहित विपक्षी पार्टियों का गुस्सा एक बार फिर ईवीएम पर फूट पड़ा है। देश में फिर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का जिन्न बोतल से बाहर आ चुका है। इसे लेकर बयानबाजी शुरू हो चुकी हैं। कांग्रेस ने ईवीएम के जरिए आया जनता का फैसला स्वीकार नहीं किया है। पार्टी का कहना है, जनता ने तो उन्हें वोट दिया, लेकिन भाजपा ने ईवीएम का खेल कर दिया। हरियाणा और महाराष्ट्र चुनावों में हारने के बाद विपक्ष ने एक बार फिर ईवीएम पर दोष मढ़ा है और इसे भाजपा की चाल बताने का राग अलापना शुरू कर दिया है। हालांकि 2014 में नरेंद्र मोदी के सत्तासीन होने के बाद कांग्रेस लगातार ईवीएम पर सवाल उठा रही है। कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे ने ईवीएम के खिलाफ राष्ट्रव्यापी आंदोलन का आह्वान किया है। खरगे ने बैलट पेपर से चुनाव कराने के लिए राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की तरह अभियान चलाने की घोषणा की है। वहीं गत सप्ताह सुप्रीम कोर्ट ने एक याचिका खारिज करते हुए कहा था जब चुनाव हार जाते हैं, तो ईवीएम से छेड़छाड़ होती है। जब जीतते हैं, तो ईवीएम में सब ठीक रहता है। इससे पूर्व भी देश की सर्वोच्च अदालत ने कई दफा ईवीएम के खिलाफ दायर याचिकाओं को खारिज कर चुकी है। कहते है विपक्ष को ईवीएम पर संदेह जताने का कोई न कोई बहाना चाहिए। कांग्रेस को अब ईवीएम में खराबी नजर आती है, लेकिन पार्टी वह भूल जाती है कि वोटिंग की यह प्रक्रिया उसी के शासन काल में शुरू हुई थी। कांग्रेस के शासन काल में पहली बार ईवीएम से मतदान कराया गया था। आश्चर्य तो इस बात का है की कांग्रेस ने देश को ईवीएम से इंट्रोडूस कराया और आज कांग्रेस ही इसे खारिज करने पर उतारू है। कांग्रेस सहित विपक्ष बार-बार यह तर्क देता है कि कई देशों में अब भी बैलट पेपर से चुनाव हो रहा है। इसके लिए जर्मनी, जापान, नीदरलैंड, आयरलैंड और इंग्लैंड जैसे कई देशों के नाम गिनाये जाते है। यह तर्क देते समय विपक्ष भूल जाता है कि 140 करोड़ आबादी वाले भारत में अभी तकरीबन 97 करोड़ वोटर हैं। जिन देशों का हवाला दिया जाता है, उन देशों की आबादी भारत के मुकाबले कितनी है, यह सबको पता है। यदि भारत में बैलट पेपर से वोटिंग हुई तो मतपत्रों को गिनने में ही पसीने छूट जाएंगे।

गौर तलब है चुनाव आयोग की तरफ से वोटिंग मशीन से छेड़छाड़ की आशंका से साफ इनकार किया जाता रहा है। कांग्रेस के नेता ऊलजलूल बयान भी देने लगे है। हालिया लोकसभा चुनाव से पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे कह रहे थे मोदी जीता तो यह अंतिम चुनाव होगा। मोदी के 400 पार के नारे को लेकर कांग्रेस सहित विपक्षी पार्टियां ईवीएम को लेकर संदेह व्यक्त करने लगी थी । भाजपा को अपने बुते बहुमत नहीं मिलने से ईवीएम पर आरोप लगाने ठहर चुके थे। दिग्विजय सिंह सरीखे नेता तो खुलमखुला ईवीएम का विरोध करते है। लोकसभा चुनाव 2024 से पहले पांच राज्यों के आए नतीजों के बाद एक बार फिर से विपक्ष ने अपनी हार ठीकरा ईवीएम पर फोड़ा था । सपा मुखिया अखिलेश यादव समेत तमाम राजनीतिक दलों के नेताओं ने ईवीएम पर सवाल उठाते हुए बैलेट से चुनाव कराने की मांग की है। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार देश में ईवीएम के जरिए अलग-अलग राज्यों के 142 से ज्यादा विधानसभा चुनाव कराए जा चुके है। इनमें से करीब 34 चुनावों में अब तक कांग्रेस जीती है जबकि करीब 30 चुनाव भाजपा ने जीते है। भारत में पहली बार ईवीएम का प्रयोग 1982 में केरल से शुरू हुआ था। फिर 1999 में लोकसभा चुनाव के दौरान कुछ स्थानों पर ईवीएम का इस्तेमाल किया गया। यानी 2004 के पहले तक ईवीएम और बैलेट दोनों से चुनाव कराया जाने लगा, लेकिन 2004 लोकसभा चुनाव का ईवीएम से कराया था। अब पूरे देश में ईवीएम के जरिए लोकसभा और विधानसभा चुनाव कराए जा रहे हैं। 2004 से 2024 तक 5 लोकसभा चुनाव ईवीएम से हुए हैं। इसमें 2 बार कांग्रेस और 3 बार बीजेपी जीती है।

भारत में अब प्रत्येक लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनाव में मतदान की प्रक्रिया पूरी तरह से इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन द्वारा ही संपन्न होती है। पुराने कागजी मतपत्र प्रणाली की तुलना में ईवीएम के द्वारा वोट डालने और परिणामों की घोषणा करने में कम समय लगता है। भारत निर्वाचन आयोग के मुताबिक इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (एतच्) मतों को दर्ज करने का एक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण है। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन दो इकाइयों से बनी होती हैं - एक कंट्रोल यूनिट और एक बैलेटिंग यूनिट - जो पाँच-मीटर केबल से जुड़ी होती हैं। नियंत्रण इकाई पीठासीन अधिकारी या मतदान अधिकारी के पास रखी जाती है और बैलेट यूनिट को मतदान कम्पार्टमेंट के अंदर रखा जाता है। मतपत्र जारी करने के बजाय, कंट्रोल यूनिट के प्रभारी मतदान अधिकारी कंट्रोल यूनिट पर मतपत्र बटन दबाकर एक मतपत्र जारी करेंगे। इससे मतदाता अपनी पसंद के अभ्यर्थी और प्रतीक के सामने बैलेट यूनिट पर नीले बटन को दबाकर अपना वोट डाल सकेगा।

-वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार

## विदेश की खबरें

## ब्रिटेन के सांसदों ने पाकिस्तान में अल्पसंख्यक धार्मिक समूहों की स्थिति पर चिंता जताई

**लंदन :** ब्रिटेन के सांसदों ने संसद के निचले सदन 'हाउस ऑफ कॉमन्स' में एक अंतर-दलीय चर्चा के दौरान पाकिस्तान में अल्पसंख्यक धार्मिक समूहों की बिगड़ती धार्मिक स्वतंत्रता और मानवाधिकारों के हनन के बारे में चिंता जताई है। 'डेमोक्रेटिक यूनियनिस्ट पार्टी' (डीयूपी) के सांसद जिम शैनन द्वारा 'पाकिस्तान: फ्रीडम ऑफ रिलीजन' प्रस्ताव पेश किया गया। शैनन अंतरराष्ट्रीय धार्मिक या आस्था की स्वतंत्रता के लिए 'ऑल पार्टी पार्लियामेंट्री ग्रुप' (एपीपीजी) के अध्यक्ष हैं। उन्होंने कहा कि धार्मिक अल्पसंख्यकों के लिए चुनौतियों के कारण पाकिस्तान में स्थिति गंभीर है। उन्होंने दावा किया कि 1980 के



दशक से हजारों मामले सामने आए हैं जो ईसाइयों, हिंदुओं और अहमदियों को प्रभावित करते हैं। शैनन ने बृहस्पतिवार को चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा, पाकिस्तान में स्थिति की वास्तविकता बहुत खराब है। यह बहुत गंभीर है। यह संकट के बिंदु पर है। मैं समझ सकता हूं कि कुछ लोग क्यों पूरी तरह से निराश महसूस करते हैं। लिबरल डेमोक्रेट सांसद पॉल कोहलर ने कहा कि पाकिस्तानी सरकार जबरन धर्मांतरण और भीड़ के हिंसा के मामले में अपने नागरिकों की सुरक्षा करने के अपने बुनियादी कर्तव्य को पूरा करने में विफल हो रही है। कंजर्वेटिव सांसद एंड्रयू रोसिंडेल ने ब्रिटेन और पाकिस्तान के बीच "घनिष्ठ और दीर्घकालिक" संबंधों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, "दुर्भाग्यवश, हिंदुओं पर भी हिंसा बढ़ रही है। जुलाई, 2023 में पाकिस्तान के सिंध प्रांत में एक हिंदू मंदिर पर हमला किया गया और जून, 2022 में कराची में एक हिंदू मंदिर को नष्ट कर दिया गया।" उन्होंने कहा, "मुझे उम्मीद है कि ब्रिटेन की सरकार एक बार फिर पाकिस्तानी सरकार के समक्ष इन चिंताओं को उठाएगी।"

## बांग्लादेश की अदालत ने हसीना पर हमला मामले में खालिदा के बेटे समेत सभी आरोपियों को बरी किया

**ढाका :** बांग्लादेश में ढाका उच्च न्यायालय ने रविवार को निचली अदालत के फैसले को रद्द करते हुए 2004 में अवामी लीग की नेता शेख हसीना की रैली में हुए ग्रेनेड हमले के मामले में पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान और पूर्व राज्य मंत्री लुत्फोज्जमां बाबर सहित सभी आरोपियों को बरी कर दिया। अटॉर्नी जनरल कार्यालय के प्रवक्ता ने कहा, "उच्च न्यायालय ने निचली अदालत के फैसले को रद्द कर दिया और तारिक रहमान सहित सभी आरोपियों को बरी कर दिया।" रहमान (57) बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के कार्यवाहक अध्यक्ष हैं। ढाका के बंगबंधु एवेन्यू में अवामी लीग की रैली पर ग्रेनेड हमले के बाद दो मामले - एक हत्या का और दूसरा विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत दर्ज किए गए थे। इस हमले में 24 लोग मारे गए और लगभग 300 लोग घायल हुए। न्यायमूर्ति ए.के.एम. असदुज्जमां और न्यायमूर्ति सैयद इनायत हुसैन की पीठ ने मामले के सभी 49 आरोपियों को बरी कर दिया और कहा कि मामलों में निचली अदालत का फैसला "अवैध" था। निचली अदालत ने इस मामले में आरोपी प्रतिबंधित हरकत-उल-जिहाद अल-इस्लामी (हूजी) आतंकवादी संगठन के शीर्ष नेता मुफ्ती अब्दुल हन्नान के कबूलनामे के आधार पर यह फैसला सुनाया था।

## पाकिस्तान में सांप्रदायिक हिंसा : कुर्रम में झड़प जारी, मृतकों की संख्या 130 हुई



**पेशावर :** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सांप्रदायिक हिंसा में रविवार को कम से कम छह लोगों की मृत्यु होने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 130 हो गई। वहीं, अशांत कुर्रम जिले में संघर्ष लगातार ग्यारहवें दिन भी जारी रहा। जिले में अलीजई और बागान जनजातियों के बीच संघर्ष 22 नवंबर को शुरू हुआ, जब पाराचिनार के पास यात्री वैन के काफिले पर हमला हुआ, जिसमें एक दिन पहले 47 लोग मारे गए थे। गंभीर रूप से घायल हुए कई यात्रियों ने बाद में दम तोड़ दिया, जिससे मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 57 हो गई।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 2 दिसम्बर, सोमवार, 2024, विक्रम सम्वत् 2081, मार्गशीर्ष शुक्लपक्ष प्रतिपदा, 12:40 तक, नक्षत्र : ज्येष्ठा, 15:35 तक, योग : धृति, 15:54 तक, सूर्योदय: 6:00, सूर्यास्त: 16:51 चन्द्रोदय : 06:55, चन्द्रास्त: 17:35, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : वृश्चिक, चन्द्र राशि : वृश्चिक, राहू काल : 07:24 से 08:45

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि वालों के लिए आज का दिन आत्मविश्वास से भरपूर रहने वाला है। आपको आज कार्यों को लेकर भी खुशी मिलेगी। आज आपकी कुछ प्रभावशाली लोगों से मुलाकात हो सकती है।

**वृष :** आज का दिन आपको कुछ नई खुशखबरी देने वाला हो सकता है। दिन आपका सकारात्मक परिणाम लेकर आ सकता है। पारिवारिक कार्यों में आज आप व्यस्त रह सकते हैं।

**मिथुन :** आज का दिन आपको अप्रत्याशित लाभ देने वाला हो सकता है। वहीं पर आज आपके घर में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होने की संभावना है।

**कर्क :** आज का दिन छात्रों के लिए काफी बेहतर रहने की संभावना है। लेकिन छात्रों को मन लगाकर पढ़ाई पर पूरा ध्यान रखने की जरूरत है। पारिवारिक जीवन में शांति बनी रहेगी।

**सिंह :** आज के दिन आप किसी बड़े प्रोजेक्ट पर हाथ आजमाने की कोशिश करेंगे। हालांकि आपका दिन आज धन लाने वाला रहेगा। जिसकी वजह से आप दिन में काफी खुश रहेंगे।

**कन्या :** आज आपका पठन-पाठन में खूब मन लगेगा। विद्यार्थियों को किसी मामले में आज तरक्की मिलने की संभावना दिख रही है। किसी से फालतू में वाद-विवाद में पड़ने से बचना होगा।

**तुला :** आज पैतृक संपति से आपको काफी लाभ मिलेगा। आपके विचारों की वजह से काफी लाभ होने की संभावना है। अपनी खुशी पर कार्य करने का प्रयास करें।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपको मनोकूल लाभ देने वाला हो सकता है। विवाह को लेकर परिवार के बीच प्रस्ताव आ सकता है। यात्रा का प्लान बना सकते हैं।

**धनु :** आज आपका दिन भाग-दौड़ भरा रहने की संभावना है। शुभ सूचना मिलने की संभावना है। दिन को लेकर आप काफी कॉन्फिडेंस में रहेंगे। खरीदारी का योग बन रहा है।

**मकर :** आज का दिन आपका सामान्य रह सकता है। लेकिन आपको अपने कार्यों पर ध्यान देने की जरूरत है। परिवार में आज आपके खुशहाली रहेगी। कार्यक्षेत्र पर काभी लाभ हो सकता है।

**कुम्भ :** आज का दिन किसी कार्य को लेकर खास रह सकता है। परिवार में धन को लेकर काफी खुशहाली रहेगी। दिन का एन्जॉय करने का प्रयास करें।

**मीन :** आज का दिन कार्यक्षेत्र को लेकर सामान्य रहने वाला हो सकता है। लेकिन आपको अपने कार्यक्षेत्र पर ध्यान देने की जरूरत है। कहीं से धन मिलने की संभावना है।

## वर्ग पहेली नं. 2934

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | ■ | 6 |
| ■ | ■ | 7 | | 8 | | ■ | 9 | 10 | |
| 11 | | | ■ | 12 | | 13 | ■ | 14 | |
| | ■ | ■ | 15 | | ■ | 16 | | ■ | |
| 17 | 18 | | | ■ | 19 | | ■ | 20 | |
| 21 | | ■ | 22 | | ■ | 23 | 24 | | |
| ■ | 25 | 26 | | ■ | 27 | ■ | | ■ | ■ |
| 28 | ■ | | ■ | 29 | | | | ■ | 30 |
| 31 | | | | | | ■ | 32 | | |

**बायें से दायें :-** 1) अस्पष्ट *(उच्चार, प्रकाश)*, 4) आशा तो है; न जाने, 7) कुत्ता, 9) पवन, 11) दुर्भिक्ष, 12) फ़िदा होना; अरथी उठना, 14) शाश्वत; अमर; दीर्घकाल, 15) वृक्ष का धड़, 16) मायाजाल; सौंदर्य; तिलिस्म; मोहिनी; *मैजिक*; *कैरिज़्मा*, 17) छोटी बुंदियों का लड्डू, 19) एक पालतू पशु, 20) अंजाम; सीमा; मृत्यु, 21) दुर्व्यसन, 22) आधी घरवाली, 23) बादल, 25) जीभ, 29) आरोहअवरोहहीन; न ऊँचा न नीचा, 31) चटपट, 32) एक मिठाई.

**ऊपर से नीचे :-** 2) सादृश्य; उपमा; तुलना; उदाहरण, 3) पुंल्लिंगीय, 4) कवि, 5) क्षमता; *स्टैमिना*, 6) इधर-उधर फैला हुआ, 8) भेड़ का बच्चा, 10) दिलचस्पी, 11) अमूल्य, 13) अनैतिक; अवैध, 15) ललचाना, 18) एक पक्षी, 20) सूरदास की तरह, 24) ऊपर तक भरा हुआ, 26) शरीफ़, 27) शांतिकाल; सुरक्षा, 28) आशीर्वाद, 29) संवत्सर; जूट; पटसन, 30) बहुत.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पु | ■ | सा | रं | गी | ■ | त | था | ग | त |
| ला | ■ | धा | ■ | त | ब | ला | ■ | ह | ल |
| व | गै | र | ह | ■ | द | श | ह | रा | ■ |
| ■ | ■ | ■ | जा | मु | न | ■ | ल | ■ | ठी |
| आ | र | पा | र | ■ | सी | ■ | दी | प | क |
| ■ | ब | री | ■ | कं | ब | ल | ■ | द | ■ |
| मं | डी | ■ | अं | क | ■ | ट | प | क | ना |
| ज् | ■ | अ | क | ड़ | ■ | का | ■ | ■ | वि |
| र | म | जा | न | ■ | अ | ना | व | श्य | क |

## सुडोकू-पहेली-2894

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 5 | 6 | | 7 | | |
| 3 | 2 | | | | | | | |
| | | 8 | | | | | | |
| | 7 | 5 | 6 | | | | | |
| | | | | | | | 3 | 1 |
| | | | | | | | | |
| | | | | | 2 | | 5 | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 4 | | | | 3 | | | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 2893 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 8 | 1 | 4 | 7 | 3 | 5 | 9 | 6 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 9 | 2 | 1 | 4 | 7 |
| 9 | 7 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 8 | 2 |
| 7 | 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 2 | 4 | 7 | 6 | 5 | 1 |
| 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | 5 | 2 | 7 | 8 |
| 6 | 3 | 7 | 1 | 5 | 9 | 8 | 2 | 4 |
| 4 | 5 | 2 | 7 | 8 | 6 | 9 | 1 | 3 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 | 5 |

# बांग्लादेश में गिरफ्तार हिंदू नेता की रिहाई की मांग पर राज्य में निकाली गईं रैलियां

**कोलकाता, समाज्ञा :** बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार के विरोध में रविवार को राज्य के विभिन्न हिस्सों में कई संगठनों ने रैलियां निकालीं और पड़ोसी देश में हिंदू नेता चिन्मय कृष्ण दास की तत्काल रिहाई की मांग की। इस दिन, सुबह में भाजपा विधायक अग्निमित्रा पॉल ने अपने आसनसोल दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के बर्नपुर में 'आसनसोल इस्कॉन' की ओर से आयोजित जुलूस में हिस्सा लिया। इस दौरान, उन्होंने कहा कि अगर बांग्लादेश सरकार द्वारा गिरफ्तार हिंदू नेता चिन्मय कृष्ण दास को तुरंत रिहा नहीं किया गया तो पूरे बंगाल में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन होंगे। कई देशों में ईसाई जैसे अल्पसंख्यक समुदायों के कथित उत्पीड़न के खिलाफ रैलियां हुईं और



मानवाधिकार समूहों ने उनका मुद्दा उठाया। बांग्लादेश में हिंदुओं के उत्पीड़न को क्यों अनदेखा किया जाता है? हिंदू बड़ी संख्या में आगे आएंगे और विरोध प्रदर्शन होंगे। इस बीच, एक स्थानीय भाजपा नेता ने बताया कि पड़ोसी देश में अल्पसंख्यकों पर हमलों के खिलाफ पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर पेट्रापोल में दो दिसंबर को भाजपा के प्रस्तावित प्रदर्शन की तैयारियां की जा रही हैं, जिसमें भारी भीड़ जुटने की उम्मीद है।

## इस्कॉन ने बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए आयोजित की प्रार्थना सभा



इस्कॉन ने बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए रविवार को दुनिया भर के अपने विभिन्न केंद्रों में प्रार्थना सभाएं और कीर्तन आयोजित किए। अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) के प्रवक्ता राधारमण दास ने कहा कि बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यकों पर अत्याचार ऐसी घटनाओं के 100 दिन बाद भी नहीं रुक रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस्कॉन के अनुयायियों ने दुनिया भर के 150 देशों में प्रार्थना सभाएं आयोजित कीं। दास ने कहा कि हमने बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए प्रार्थना और कीर्तन का आयोजन किया। उन्होंने कहा कि इस्कॉन के अनुयायियों ने बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों की दुर्दशा को उजागर करने के लिए कोलकाता के अल्बर्ट रोड केंद्र में प्रार्थना और कीर्तन का आयोजन किया। प्रवक्ता ने कहा कि बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यक संयुक्त राष्ट्र जैसे विश्व निकायों से सहायता और समर्थन मांग रहे हैं। दास ने कहा कि इस्कॉन 150 देशों में मौजूद है, जिसके लगभग 850 मंदिर और दुनिया भर में 1,000 से अधिक केंद्र हैं।

बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार पर बंगाल में डॉक्टर ने क्लिनिक में तिरंगा लगाया, लिखा...

## 'बांग्लादेशी मरीज झंडे को सलाम करें, तभी इलाज होगा'

**सिलीगुड़ी/कोलकाता :** बांग्लादेश में हिंदुओं पर लगातार हो रहे हमले के विरोध में राज्य में कुछ डॉक्टरों ने बांग्लादेशी मरीजों का इलाज करने से इनकार कर दिया है। सिलीगुड़ी में डॉक्टर शेखर बंदोपाध्याय ने अपने प्राइवेट क्लिनिक में तिरंगा लगाया है। डॉक्टर ने झंडे के साथ मैसेज में लिखा है कि भारत का राष्ट्रीय ध्वज हमारी मां की तरह है। कृपया चैंबर में एंट्री करने से पहले तिरंगे को सलाम करें। खासकर, बांग्लादेशी मरीज, अगर वे सलाम नहीं करते हैं, तो उन्हें अंदर आने नहीं दिया जाएगा। डॉक्टर बोले कि मेरे देश में आकर तिरंगे का सम्मान जरूर करें डॉक्टर शेखर बंदोपाध्याय उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में आएनटी विभाग में विशेष चिकित्सा अधिकारी के रूप में काम कर रहे हैं। उन्होंने में कहा कि मुझे यह देखकर दुख हुआ कि बांग्लादेश में हमारे राष्ट्रीय ध्वज का अपमान हो रहा है। एक डॉक्टर के तौर पर मैं मरीजों को मना नहीं करना चाहता, लेकिन जो लोग मेरे देश में आते हैं, उन्हें हमारे झंडे, हमारी मातृभूमि का सम्मान करना चाहिए। ऐसा लगता है कि बांग्लादेश तालिबानी मानसिकता में चला गया है। एक अन्य डॉक्टर, जनरल सर्जन और चाइल्ड स्पेशलिस्ट चंद्रनाथ अधिकारी ने घोषणा की है कि वे अपने प्राइवेट क्लिनिक में किसी भी बांग्लादेशी मरीज का इलाज नहीं करेंगे। डॉक्टर ने कहा, मैं बोलपुर के एक सरकारी अस्पताल से जुड़ा हुआ हूं। वहां, मैं किसी भी मरीज को मना नहीं कर सकता, लेकिन मुझे अपने क्लिनिक में ऐसा करने की आजादी है। मैंने फैसला किया है कि मैं बांग्लादेश के मरीजों को नहीं देखूंगा। मेरा देश पहले आता है। बांग्लादेश में जो कुछ हो रहा है, वह हम सभी के लिए गंभीर चिंता का विषय है।

# बांग्लादेश के हालात पर बंगाल में रह रहे बांग्लादेशियों की चिंता बढ़ी

**कोलकाता, समाज्ञा :** बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर लगातार हो रहे हमले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। इस्कॉन के दो सन्यासियों की गिरफ्तारी व हिंदुओं हमलों को लेकर भारत में चिंता जताई जा रही है। भाजपा और कांग्रेस समेत देश के कई प्रमुख राजनीतिक दलों ने भी हमलों को लेकर गहरी नाराजगी जताई। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी पड़ोसी देश में मौजूदा स्थिति को लेकर अपनी चिंता जाहिर की। दोनों देशों के बीच कटुता तेजी के साथ बढ़ रही है। कई राज्यों की सरकार ने केन्द्र की भाजपा नीत मोदी सरकार के समर्थन में बांग्लादेश के मसले पर केंद्र सरकार के फैसले पर सहमती जतायी है। हर रोज मीडिया में आई खबरों पर दोनों देशों के बीच कटुता तेजी के साथ बढ़ रही है। ऐसे में बंगाल के हुगली, नदिया, उत्तर व दक्षिण 24 परगना सहित कई राज्यों में वैध व अवैध तौर पर रह रहें बांग्लादेशियों की चिंता बढ़ गई है। खासकर, महानगर की तमाम बस्तियों में अवैध तौर पर रहने वाले बांग्लादेशियों में दहशत देखी जा रही है। ऐसे कुछ बांग्लादेशियों ने नाम की गोपनीयता पर कहा कि हम लोग तो पहले से ही गरीबी के सताये हुए हैं और भारत की शरण में रह कर अपना और अपने परिवार का पेट पाल रहे है। अगर हालात ऐसे ही रहे तो हम लोगों के लिए हालात बद से बदतर होंगे। हम लोगों पर हमले हो सकते है। इन लोगों की माने तो पश्चिम बंगाल के कई निवासियों के रिश्तेदार बांग्लादेश में रहते हैं। हालात तो ऐसे हो गए है कि बांग्लादेश में रहने वाले उनके रिश्तेदार उनसे फोन पर भी बातचीत नहीं कर रहे है कि कहीं वह लोग बंगाल से भाग कर उनके यहां नहीं आ जाए। हो सकता है कि बांग्लादेश हमें वहां आने भी नहीं दे। तब हमलोग न घर के रहेंगे और न घाट के। दूसरी तरफ से नियमित इलाज के लिए बांग्लादेशी कोलकाता में आते हैं हालात के कारण उन पर भी संकट मंडरा रहा है। वहीं, राज्य के सीमावर्ती इलाकों के साथ-साथ कोलकाता के बंदरगाह क्षेत्र में भी पूरे साल बांग्लादेशियों का आना-जाना लगा रहता है। मार्किस स्ट्रीट में कई विदेशी मुद्रा व्यापार केंद्र हैं। बांग्लादेश की करेंसी की डांवाडोल हालात होने से वे लोग परेशान हैं। मार्किस स्ट्रीट से एक बस बांग्लादेश के लिए रवाना होती है। यहां रह रहे अवैध बांग्लादेश यात्रियों को डर है कि भले ही वे सीमा पार करके अपने देश में प्रवेश कर सकें, लेकिन इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि वे घर पहुंच पाएंगे।

# संदीप घोष ने दो समूहों को अस्पताल के ठेके दिलाने में की मदद, सीबीआई की चार्जशीट में खुलासा

**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजीकर कॉलेज व अस्पताल के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष ने कथित तौर पर दो समूहों को अस्पताल के ठेके दिलाने में मदद की, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने हाल ही में दायर अपने आरोपपत्र में ये दावा किया है। वहीं, विशेष अदालत ने सीबीआई के इस आरोपपत्र को रिकॉर्ड में ले लिया है, लेकिन उसने अभी तक इसका संज्ञान नहीं लिया है क्योंकि पश्चिम बंगाल सरकार ने संदीप घोष और अन्य आरोपियों पर मुकदमा चलाने की मंजूरी नहीं दी है। वहीं, सीबीआई ने अपने आरोपपत्र में संदीप घोष, मेडिकल कॉलेज के पूर्व हाउस स्टाफ आशीष कुमार पांडे और मां तारा ट्रेडर्स के



व्यवसायी बिप्लब सिंहा, हाजरा मेडिकल की सुमन हाजरा और ईशान कैफे के अफसर अली खान का नाम लिया है। सीबीआई ने अलीपुर में एक विशेष सीबीआई अदालत के समक्ष दायर अपने आरोपपत्र में आरोप लगाया है कि संदीप घोष ने अस्पताल के कई ठेके हासिल करने में दो समूहों- एक सिंघा और हाजरा की तरफ से संचालित और दूसरा खान की तरफ से संचालित - की मदद की। उल्लेखनीय है कि उच्च न्यायालय का आदेश सुविधा के पूर्व उपाधीक्षक अख्तर अली की याचिका पर आया, जिन्होंने संदीप घोष के प्रिंसिपल के रूप में कार्यकाल के दौरान संस्थान में कथित वित्तीय कदाचार के कई मामलों की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की तरफ से जांच की मांग की थी। संदीप घोष ने फरवरी 2021 से सितंबर 2023 तक आरजीकर मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल के रूप में कार्य किया।

## राज्य सरकार की मंजूरी के बाद ही सीबीआई की चार्जशीट पर संज्ञान लेगी अदालत

आरजीकर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में वित्तीय भ्रष्टाचार के मामले में गत शुक्रवार को सीबीआई की ओर से दाखिल की गई चार्जशीट पर सरकार की मंजूरी मिलने के बाद ही अदालत संज्ञान लेगी। बता दें कि चार्जशीट में आरजीकर अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष, उनके अंगरक्षक अफसर अली खान, आपूर्तिकर्ता बिप्लब सिन्हा, सुमन हाजरा व हाउस स्टाफ आशीष पांडे के नाम हैं। दरअसल, संदीप घोष एक सरकारी कर्मचारी हैं और आशीष पांडे एक सरकारी डाक्टर हैं। ऐसे में दोनों के खिलाफ पेश की चार्जशीट के लिए सरकार की मंजूरी जरूरी है। अलीपुर कोर्ट स्थित सीबीआई की विशेष अदालत ने चार्जशीट को अपने रिकॉर्ड में ले लिया है और कहा है कि सक्षम प्राधिकारी (बंगाल सरकार) द्वारा स्वीकृति दिए जाने के बाद इसे संज्ञान लिया जाएगा। इधर सीबीआई ने अभियोजन स्वीकृति प्रदान करने के लिए बंगाल सरकार से संपर्क किया है, जो अभी उसके पास लंबित है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने कहा है कि अभियोजन स्वीकृति प्राप्त होते ही इसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

# बंगाल में मिशन 2026 के लिए कांग्रेस तैयार : गुलाम अहमद मीर

**कोलकाता, समाज्ञा :** महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस अपने संगठन को बंगाल में मजबूत करने के लिए जुट गई है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शुभंकर सरकार के नेतृत्व में बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। इन बैठकों का केंद्र पश्चिम बंगाल में साल 2026 में होने वाले विधानसभा चुनाव रहा है। एआईसीसी पर्यवेक्षक गुलाम अहमद मीर ने बताया कि बैठकों की योजना करीब डेढ़ महीने पहले ही बना ली गई थी, लेकिन झारखंड और अन्य स्थानों पर चुनाव के कारण वे नहीं हो सके। हालांकि, जैसे ही झारखंड और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के परिणाम आए, तो हम लोगों ने पूरा ध्यान बंगाल पर केंद्रित कर दिया। दो दिनों में हमने बैठक की हैं। मुझे खुशी इस बात है कि यहां कई वर्षों से सत्ता में नहीं होने के बावजूद भी हम लोगों ने मिशन 2026 की बात की है। हम



लोग केंद्र और राज्य सरकार कि विफलता को उजागर करने का काम करेंगे और जनता से समर्थन मांगेंगे। कांग्रेस पार्टी ही सबको साथ लेकर चल सकती है। क्योंकि, भाजपा के लोग तो सिर्फ नारे देकर वोट ले रहे हैं। लेकिन आम जनता महंगाई और बेरोजगारी से परेशान है और उनकी कोई सुनने वाला नहीं है। केंद्र और राज्य की सरकार में ऐसा पहली बार देखने को मिल रहा है, यह लोग अपने समर्थकों के लिए सरकारें चला रहे हैं। ऐसा पहले कभी नहीं देखा गया। सरकारों का कर्तव्य है कि वे कोई भी नीति या कार्यक्रम बनाए तो वह सभी को साथ लें। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस की बैठक में पार्टी की मौजूदा स्थिति पर चर्चा की गई है। साथ ही मिशन 2026 के तहत पश्चिम बंगाल की सभी विधानसभा सीटों पर कांग्रेस अपने उम्मीदवार उतारेगी।

# अयोध्या में राम लला का दर्शन करने जा सकते हैं बंगाल के भाजपा विधायक

**कोलकाता, समाज्ञा :** अगले छह दिसंबर को विवादित ढांचा विध्वंस के 32 साल पूरे हो जाएंगे। उसी दिन, बंगाल के भाजपा विधायक अयोध्या में राम मंदिर में राम लला का दर्शन करने जा सकते हैं। सब कुछ ठीक रहा तो वे विपक्षी दल के नेता शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में अगले शुक्रवार की सुबह फ्लाइट से अयोध्या के लिए रवाना होंगे। भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व नए जोश के साथ राम मंदिर को राष्ट्रीय राजनीति में अपनी सबसे बड़ी सफलता के तौर पर रेखांकित करने की कोशिश कर रहा है। ऐसे में देशभर के भाजपा नेताओं ने एक बार फिर अयोध्या का रुख किया है। सूत्रों के मुताबिक, विधानसभा के शीतकालीन सत्र के कारण ज्यादातर विधायक कोलकाता में रहेंगे। वहीं, शुक्रवार से रविवार तक लगातार तीन दिन विधानसभा सत्र में ब्रेक है। इसलिए भाजपा विधायक इन तीन दिनों में रामलला का दर्शन कर कोलकाता लौटना चाहते हैं। कुछ विधायक ऐसे भी हैं जो अयोध्या से कई बार रामलला के दर्शन करना चाहते हैं। इसलिए उन्हें रविवार तक अयोध्या में रहने की इजाजत दी जा सकती है। सूत्रों के मुताबिक, विधानसभा के शीतकालीन सत्र के आखिरी दो दिन 9-10 को नेता प्रतिपक्ष ने सभी भाजपा विधायकों को सत्र में रुकने के लिए कहा है।

# स्ट्रैंड रोड पर आगलगी में कई दुकानें जलकर राख

**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा ब्रिज के पास हुगली नदी के किनारे स्थित फूल बाजार में रविवार को आग लग गई। पुलिस व दमकल के अनुसार, आग बुझाने के लिए दमकल की पांच गाड़ियों का इस्तेमाल किया गया। किसी के हताहत की कोई खबर नहीं है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस दिन, दोपहर करीब 12.50 बजे बाजार में फूलों की कुछ दुकानें आग में जलकर खाक हो गईं। उन्होंने बताया कि ये दुकानें अपने आकार और विविधता के कारण पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र भी हैं।



पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। दमकल विभाग के अधिकारी ने बताया कि अपराह्न 1.30 बजे आग पर काबू पा लिया गया। उन्होंने बताया कि आग लगने का कारण अभी पता नहीं चल पाया है। इधर, मामले पर स्थानीय सूत्र के मुताबिक, फूल मार्केट के पास होर्डिंग का काम चल रहा था। वेल्डिंग करते समय आग की चिंगारी गिर गई और दुकान में आग लग गई। हालांकि, पुलिस की ओर से अभी तक कोई रिपोर्ट नहीं दी गई है।

# बीएसएफ के दक्षिण बंगाल फ्रंटियर ने इस साल 120 करोड़ का सोना व चांदी किया जब्त

- 86 भारतीय और 32 बांग्लादेशी तस्करों को भी किया गिरफ्तार
- भारत-बांग्लादेश सीमा से 1,742 घुसपैठियों को भी पकड़ा

**कोलकाता, समाज्ञा :** बीएसएफ के दक्षिण बंगाल फ्रंटियर ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर तस्करी गतिविधियों को विफल करने में उल्लेखनीय सफलता हासिल करते हुए इस साल नवंबर के अंत तक करीब 120 करोड़ रुपये मूल्य का सोना और चांदी जब्त किया है। साथ ही इस सिलसिले में 86 भारतीय और 32 बांग्लादेशी तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। रविवार को बीएसएफ के 60वें स्थापना दिवस पर फ्रंटियर मुख्यालय ने एक आधिकारिक बयान में इसकी जानकारी दी। दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के प्रवक्ता व डीआइजी एनके पांडे ने बताया कि इनमें जनवरी से नवंबर 2024 के अंत तक 118.63 करोड़ रुपये मूल्य का 170.48 किलोग्राम सोना और 1.15 करोड़ रुपये मूल्य का 159 किलोग्राम चांदी जब्त किया गया।

उन्होंने बताया कि सोने की तस्करी के कुल 105 मामलों का भंडाफोड़ किया गया, जिसके परिणामस्वरूप 86 भारतीय और 32 बांग्लादेशी तस्करों को गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने बताया कि तस्करों ने इस दौरान विभिन्न नवीन रणनीति व नए-नए तरीकों का इस्तेमाल किया, जैसे वाहनों की गुहाओं, जूतों के तलवों, कृषि उपकरणों में सोने को छिपाना और यहां तक कि इन्हें पेस्ट के रूप में बदलकर तस्करी की कोशिश की, लेकिन बीएसएफ के खुफिया नेटवर्क और जवानों की सतर्कता ने उनके हरेक प्रयासों को विफल कर दिया। दक्षिण बंगाल फ्रंटियर पर 900 किलोमीटर से अधिक अंतरराष्ट्रीय सीमा की रखवाली का दायित्व है, जिसमें दक्षिण और उत्तर 24 परगना, नदिया, मुर्शिदाबाद और मालदा जिले शामिल हैं।

अधिकारी ने बताया कि बीएसएफ ने सीमा पर मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियानों में भी उल्लेखनीय सफलता हासिल करते हुए इस साल ड्रग तस्करी रैकेट में शामिल 51 भारतीय और 10 बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया है। विभिन्न आपरेशन में बीएसएफ ने इस साल इस सीमा से 3.62 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के प्रतिबंधित फेंसेडिल कफ सिरप की 1.73 लाख से अधिक बोतलें, 1,223 किलोग्राम गांजा, 6.95 करोड़ मूल्य की 69,702 याबा की गोलियां और 17.5 किलोग्राम मादक पाउडर जब्त करके ड्रग्स की तस्करी के कई प्रयासों को विफल कर दिया।

बीएसएफ डीआइजी ने बताया कि आधुनिक निगरानी और ट्रैकिंग तकनीकों का उपयोग करते हुए बीएसएफ दक्षिण बंगाल फ्रंटियर ने इस साल नवंबर तक सीमा क्षेत्र से 1,742 घुसपैठियों को भी पकड़ा है, जिनमें 1,301 बांग्लादेशी और 442 भारतीय हैं। इनमें घुसपैठियों को सीमा आर-पार कराने में मदद करने वाले 39 दलाल भी शामिल हैं। बांग्लादेश में मचे उथल-पुथल के मद्देनजर बीएसएफ सीमा पर कड़ी सतर्कता बरत रही है। इसके अलावा, मानव तस्करी के खिलाफ और वन्यजीव बचाव में भी इस फ्रंटियर के अधीन यूनिटों ने लगातार अभियान चलाया। अधिकारी के अनुसार, बीएसएफ की मानव तस्करी विरोधी इकाइयों (एएचटीयू) ने अनेक बांग्लादेशी और भारतीय महिलाओं को मानव तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया।



## बीजीबी के साथ मजबूत द्विपक्षीय संबंध बनाये रखते है : बीएसएफ बंगाल फ्रंटियर

**कोलकाता, समाज्ञा :** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के दक्षिण बंगाल फ्रंटियर ने रविवार को कहा कि वह प्रभावी सीमा प्रबंधन के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता के अनुरूप बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के साथ मजबूत द्विपक्षीय संबंध बनाए रखता है। बीएसएफ के एक अधिकारी ने बताया कि दक्षिण बंगाल फ्रंटियर ने पूरे वर्ष अपने बांग्लादेशी समकक्षों के साथ कई उच्च स्तरीय बैठकें कीं, जिनमें एक महानिरीक्षक स्तर की बैठक, तीन डीआईजी स्तर की बैठक और 23 कमांडेंट स्तर की चर्चाएं शामिल हैं। बयान में कहा गया है कि प्रभावी सीमा प्रबंधन के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता के अनुरूप, बीएसएफ दक्षिण बंगाल फ्रंटियर बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के साथ मजबूत द्विपक्षीय संबंध बनाए रखता है। इसमें कहा गया है कि इन बैठकों से विश्वास, सहयोग और क्षेत्रीय स्थिरता को बढ़ावा मिलता है जिससे सीमा सुरक्षा में सुधार होता है।

## 800 से अधिक लुप्तप्राय प्रजातियों के वन्यजीवों को तस्करी से बचाया

इसके अतिरिक्त दुर्लभ प्रजाति के पेरूवियन अल्पाका और चीनी गोल्डन तीतर सहित 800 से अधिक लुप्तप्राय प्रजातियों के वन्यजीवों को तस्करी से बचाया और इसे पुनर्वास के लिए वन विभाग को सौंप दिया गया। अधिकारी ने बताया कि बीएसएफ ने साल भर में बांग्लादेशी समकक्षों के साथ कई उच्च स्तरीय बैठकें भी कीं, जिनमें एक महानिरीक्षक स्तर की बैठक, तीन डीआइजी स्तर की बैठक और 23 कमांडेंट स्तर की बैठकें शामिल हैं। बयान में कहा गया कि प्रभावी सीमा प्रबंधन के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता के अनुरूप, बीएसएफ बांग्लादेश (बीजीबी) के साथ मजबूत द्विपक्षीय संबंध बनाए रखा है।

# तीन गांजा तस्करों को 12 साल की सश्रम कैद सहित दो लाख का जुर्माना

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) द्वारा दर्ज किए गए नारकोटिक्स केस में तीन मादक पदार्थ तस्करों को 12 साल की सश्रम कैद और दो लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई। यह फैसला 30 नवंबर को बैरकपुर स्थित एडीजे प्रथम न्यायालय ने सुनाया। जुर्माना न भरने पर दोषियों को एक अतिरिक्त साल की सश्रम कैद भुगतनी होगी। रविवार को एसटीएफ के एसपी इंद्रजीत बसु ने बताया कि इस मामले में दोषी पाए गए तीनों आरोपितों के नाम रामकृष्ण कर्मकार उर्फ पागला, नेपाल हलदर और अजय सरकार हैं। ये सभी 2021 में एयरपोर्ट थाना



क्षेत्र में मादक पदार्थ (गांजा) के साथ गिरफ्तार किए गए थे। उनके पास से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया गया था, जिसे वे मुनाफे के लिए बेचने की योजना बना रहे थे। एसटीएफ ने इस मामले की गहराई से जांच की। जांच का नेतृत्व तत्कालीन एसटीएफ इंस्पेक्टर आलोक पाल ने किया। नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्स्टेंस (एनडीपीएस) एक्ट के तहत यह मामला दर्ज किया गया था। एसटीएफ ने एनडीपीएस एक्ट के तहत आर्थिक जांच करते हुए दोषियों की कुल 3.5 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की। इसे सक्षम प्राधिकारी द्वारा पुष्टि के बाद राज्य सरकार के नाम जब्त कर लिया जाएगा। एसटीएफ के एसपी, आईपीएस इंद्रजीत बसु ने बताया कि यह फैसला मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ एसटीएफ की बड़ी जीत है। उन्होंने कहा कि सख्त कार्रवाई और न्यायालय के फैसले से इस तरह की गैर-कानूनी गतिविधियों पर अंकुश लगेगा।

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
- MATRIMONIAL
- PROPERTY
- RECRUITMENT
- EDUCATION
- NAME CHANGE
- PUBLIC NOTICE
- OBITUARY
- REMEMBRANCE
- DISPLAY

TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# महेशतला के बैंक में चोरी की घटना में दंपती समेत तीन गिरफ्तार, डुप्लीकेट चाबी बनाकर की गई थी डकैती

**कोलकाता, समाज्ञा**

महेशतला में एसबीआई बैंक में चोरी के मामले में आखिरकार पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। डायमंड हार्बर जिला पुलिस ने इस लूटपाट की घटना को हल करते हुए ग्रुप डी कर्मी और उसकी पत्नी समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने लूटा हुआ पैसा और गहने बरामद कर लिए हैं।



जांचकर्ताओं ने पहले ही दावा किया था कि चोरी के लिए ताला तोड़ा नहीं गया था, बल्कि चाबी से खुला था। बैंक का पिछला दरवाजे से लेकर बैंक का वॉल्ट सब कुछ एक चाबी से खोला गया था। ऐसे में सवाल उठा कि, क्या डुप्लीकेट चाबी बनाकर सब खोला गया है? चोरों ने बैंक के अंदर लगे सभी सीसीटीवी कैमरों के तार भी काट दिए थे और डीवीआर लेकर चंपत हो गए। जिस कारण कोई कोई फुटेज नहीं मिला। इसके बाद, बैंक के आसपास की सड़कों के सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई और यहीं सफलता हासिल हुई। फुटेज में ग्रुप डी कर्मी और उसकी पत्नी दिखाई दिए। महेशतला पुलिस स्टेशन के जांच अधिकारी ने रविवार की तड़के उन्हें गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि चोरी किए गए सारे पैसे और गहने उलुबेड़िया से बरामद कर लिए गए हैं। हालांकि, पुलिस ने अभी तक यह नहीं बताया है कि दंपति समेत अन्य व्यक्ति को कहां हिरासत में लिया गया है। पुलिस द्वारा पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह डेढ़ साल पहले बैंक के पूर्व मैनेजर का भरोसेमंद कर्मचारी था। उस दौरान उसने सभी चाबियों की डुप्लिकेट बनाई थी। हालांकि, यह पता नहीं चल पाया है कि ग्रुप डी का कर्मचारी अभी भी एसबीआई महेशतला की शाखा में काम कर रहा था या नहीं।

## वक्फ बिल पर गरमाई राजनीति, भाजपा नेता अमित मालवीय ने कल्याण बनर्जी पर किया पलटवार

**कोलकाता, समाज्ञा :** देश में वक्फ संशोधन अधिनियम के मुद्दा पर सियासी नोंकझोंक जोर पकड़ती जा रही है। इस कड़ी में, भाजपा नेता अमित मालवीय ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर वीडियो पोस्ट किया है। इस वीडियो में राज्य की सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी को बंगाली भाषा में बोलते हुए सुना जाता है। वीडियो में कल्याण बनर्जी कहते हैं कि जहां मुसलमान नमाज अदा करते उसे खुद ही वक्फ प्रॉपर्टी घोषित कर देना चाहिए। इस दिन, भाजपा नेता ने एक्स पर वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा कि ये टिप्पणियां टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने कीं, जो वक्फ पर स्थायी समिति के सदस्य भी हैं। उनके अनुसार, कोई भी जगह जहां



मुसलमान नमाज अदा करते हैं, उसे स्वचालित रूप से वक्फ की संपत्ति माना जाएगा। अमित मालवीय ने आगे लिखा कि इससे पता चलता है कि सार्वजनिक स्थान, जैसे कि सड़कें, रेलवे ट्रैक, हवाई अड्डे, पार्क और अन्य क्षेत्र, जिनका उपयोग नमाज के लिए किया जाता है, किसी न किसी बहाने से वक्फ की भूमि के रूप में दावा किया जा सकता है। इस व्याख्या के तहत, कोलकाता के महत्वपूर्ण क्षेत्रों सहित भूमि के बड़े हिस्से मुस्लिम समुदाय को हस्तांतरित कर दिए जाएंगे।

**❑ मुख्यमंत्री पर भी साधा निशाना**

इसके बाद, भाजपा नेता ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अगर चुनावी लाभ के लिए इस तरह के विचारों को बढ़ावा दिया जाता है, तो बंगाली हिंदू समुदाय को महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, यहां तक कि संभावित रूप से उनके गृह राज्य पश्चिम बंगाल से विस्थापन का जोखिम भी हो सकता है। ममता बनर्जी और टीएमसी पाकिस्तान और बांग्लादेश की तरह बंगाल में हिंदुओं का पूर्ण विनाश सुनिश्चित करेंगे।

## आज से माध्यमिक परीक्षा का रजिस्ट्रेशन

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल माध्यमिक परीक्षा- 2025 में उपस्थित होने के लिए पात्र उम्मीदवारों (नियमित, सतत और कंपार्टमेंटल) के लिए पंजीकरण प्रक्रिया 2 दिसंबर सुबह 11 बजे से पूरी तरह से ऑनलाइन आयोजित की जाएगी जो 18 दिसंबर की मध्यरात्रि 12 बजे तक जारी रहेगी। माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, स्कूलों को वेबसाइट के माध्यम से यह प्रक्रिया पूरी करनी होगी। पंजीकरण प्रक्रिया के लिए विस्तृत निर्देश और दिशा-निर्देश वेबसाइट पर जारी किए गए हैं। इसे लेकर स्कूलों के प्रमुखों को उम्मीदवारों का सटीक और समय पर पंजीकरण सुनिश्चित करने के लिए इन निर्देशों का बहुत सावधानी से पालन करने को कहा गया है। बोर्ड उपरोक्त वेबसाइट पर सीडब्ल्यू उम्मीदवारों के लिए आवेदन और प्रमाण पत्र प्रक्रिया भी शुरू करेगा ताकि इन उम्मीदवार को बिना किसी परेशानी के उक्त ऑनलाइन प्रक्रिया का लाभ उठाने की सुविधा मिले सके।

## मुख्यमंत्री की चेतावनी के बाद नवान्न ने लिया फैसला, रेत की चोरी रोकने के लिए बुलाया जाएगा टेंडर

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक बार फिर रेत की चोरी को रोकने के लिए कड़ी चेतावनी दी है। इसके साथ ही नवान्न अब जरूरी और सख्त कदम उठाने जा रहे हैं। इसको लेकर मुख्य सचिव मनोज पंत ने सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बैठक की। इस बैठक में गृह सचिव, राज्य पुलिस महानिदेशक शामिल हुए। नदी से रेत कैसे निकाली जाएगी इस पर चर्चा चल रही है। इस बैठक में निर्णय लिया गया कि उक्त टेंडर के माध्यम से रेत की बिक्री की जाएगी। खबर है कि बैठक के नतीजे के आधार पर जल्द ही इस संबंध में अधिसूचना जारी की जा सकती है। मुख्यमंत्री ने पहले भी चेतावनी दिया है, इसके बावजूद



अलग-अलग जिलों से रेत चोरी की शिकायतें सामने आयी। सूत्रों के अनुसार, शुरुआत में यह निर्णय लिया गया है कि दामोदर जैसी प्रमुख नदियों के मामले में खनन आयोग के माध्यम से छोटे ब्लॉकों में निविदाएं बुलाई जाएंगी। टेंडर के माध्यम से रेत की बिक्री की जायेगी। वहीं, छोटी नदियों के मामले में जिला प्रशासन निर्णय लेगा।

## आवास योजना के लिए दी गई रिश्वत की रकम वापस मांगने पर वृद्ध की पीटकर हत्या

**❑ आरोपित तृणमूल नेता को पुलिस ने किया गिरफ्तार**
**❑ घटना के विरोध में ग्रामीणों ने टायर जलाकर किया प्रदर्शन**

**मुर्शिदाबाद :** मुर्शिदाबाद में आवास के लिए दी गई रिश्वत की रकम वापस मांगने पर अधेड़ की पीट-पीटकर हत्या करने की घटना प्रकाश में आई है। हत्या का आरोप तृणमूल नेता पर लगा है। मृतक का नाम कालू शेख है। आरोपित तृणमूल नेता मिठू शेख को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, कालू जिले के रघुनाथगंज के मीठीपुर के मुकुंदपुर इलाके का रहने वाला है। वह काफी समय से आवास योजना पाने के लिए प्रयासरत था। मृतक के परिवार का दावा है कि कालू ने आवास की सूची में अपना नाम जोड़ने के लिए स्थानीय तृणमूल नेता मिठू को पांच



हजार रुपये भी दिए थे, लेकिन पिछले दिनों आवास की जो अंतिम सूची प्रकाशित हुई, उसमें कालू का नाम नहीं था। इसके बाद, शनिवार की शाम कालू मिठू के पास पैसे वापस मांगने गया। इसे लेकर दोनों के बीच नोकझोंक हुई। आरोप है कि उसी समय मिठू ने कालू को लोहे की रॉड से बुरी तरह पीटा। बाद में, पड़ोसियों ने कालू को बचाया। उसे तुरंत मुर्शिदाबाद मेडिकल कालेज व अस्पताल ले जाया गया। हालत बिगड़ने पर उसे कोलकाता के एक अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। रविवार की सुबह कालू की अस्पताल में मौत हो गई। इधर, जंगीपुर सांगठनिक जिला तृणमूल अध्यक्ष खलीलुर रहमान ने कहा कि अगर कोई व्यक्ति अपराध करता है तो कानून अपना कार्य करेगा।

## वृद्ध पिता को प्रताड़ना से बचाने के लिए पहुंची पुलिस पर बेटे ने किया हमला, आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के बांसद्रोनी के पंचान-नतला निवासी एक वृद्ध ने बेटे की प्रताड़ना से बचने के लिए 100 नंबर डायल किया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और वहां वृद्ध के बेटे ने सिविक वालंटियर पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। इस घटना में एक सिविक वालंटियर गंभीर रूप से घायल हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार, वृद्ध पिता और उसके बेटे रुद्र नारायण भट्टाचार्य के बीच काफी समय से तनाव बना हुआ था। शनिवार की रात अशांति चरम पर पहुंच गयी। आरोप है कि बेटे ने अपने बुजुर्ग पिता की जमकर पिटाई कर दी। मजबूरन बुजुर्ग को 100 नंबर डायल करना पड़ा। मौक पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों और



सिविक वॉलंटियर्स पर हमला करते हुए रुद्र नारायण धारदार हथियार लेकर उनकी ओर दौड़ पड़ा। जिसमे सिविक वालंटियर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उन्हें बांगुड़ अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। सूत्रों के मुताबिक गिरफ्तार युवक मानसिक रूप से बीमार है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## नवयुवक स्पोर्टिंग क्लब का रक्तदान व स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**कोलकाता, समाज्ञा :** विगत 12 वर्षो से चली आ रही नवयुवक स्पोर्टिंग क्लब के द्वारा रक्तदान शिविर एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन इस बार भी 13वें साल में भव्य रूप से किया गया। इसमें 80 रक्तदाताओं ने अपना रक्तदान किया और साथ ही 301 व्यक्तियों के नेत्र जांच भी की गयी। कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट कर्नल राजीव कुमार बल संस्था के अध्यक्ष एस एस जी जी हसनैन, पार्षद बिश्वरूप दे, पार्षद महेश शर्मा, रोटेरी क्लब के अजय बलदेवा, शिबू ककरानिया, युवा नेता रोहित पाठक, शिवराज बाल्मिकी, यशराज सिंह, सुनील कल्ला, युवा नेता विकास सिंह, सनी सिंह, सोनू चौरसिया, महासचिव राकेश सिंह (भोला) उपस्थित रहे।



कार्यक्रम को सफल बनाने मे विकास प्रताप सिंह, विकास सिंह (बीरु), दिलीप सिंह, रिंकू सिंह, राजा महतो, बिस्वजीत, सोनू साव, सतीश सिंह, ऋतिक सिंह, संजय चौरसिया एवं तमाम सदस्यों नें अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। नवयुवक स्पोर्टिंग क्लब के उपाध्यक्ष शम्मी तिवारी ने रक्तदान शिविर में आये सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया और रक्तदाताओं को धन्यवाद दिया।

## एलएंडटी फाइनेंस लिमिटेड ने विश्वसनीय उत्कृष्टता के 30 वर्ष पूरे होने का मनाया जश्न

**कोलकाता, समाज्ञा :** एलएंडटी फाइनेंस लिमिटेड (एलटीएफ) को विश्वसनीय उत्कृष्टता के 30 वर्ष पूरे होने की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। इसकी शुरुआत 1994 में हुई थी। कंपनी ने खुद को एक विविध खुदरा एनबीएफसी के रूप में स्थापित किया है। एलटीएफ को 2011 में बीएसई और एनएसई में सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध किया गया था। एलटीएफ तीन उत्पाद खंडों में अग्रणी है, अर्थात ग्रामीण व्यवसाय वित्त, कृषि उपकरण वित्त और दोपहिया वित्त। इस सफलता का श्रेय कंपनी की मजबूत अखिल भारतीय खुदरा फ्रैंचाइजी को जाता है, जिसका वितरण नेटवर्क 1,900 से अधिक ग्रामीण बैठक केंद्रों और 167 से अधिक शहरी शाखाओं के माध्यम से लगभग 2 लाख गांवों तक पहुंचता है, जिसे पिछले दशक में विकसित 13,200 से अधिक वितरण बिंदुओं द्वारा समर्थित किया जाता है। एलटीएफ के प्रबंध निदेशक और सीईओ सुदीप्ता रॉय ने कहा, एलटीएफ में हमने अपने ग्राहकों के लिए सहज और सुलभ वित्तीय समाधान बनाने के लिए डिजिटल परिवर्तन का लाभ उठाया है, चाहे वे शहरी केंद्रों या दूरदराज के गांवों में रहते हों।

## तारकेश्वर ब्रांच लाइन में बीआर नंबर 62 में मौजूदा स्टील गर्डर को सफलतापूर्वक आरसीसी बॉक्स से बदला

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा डिवीजन के इंजीनियरिंग विभाग ने एक बार फिर रेलवे बुनियादी ढांचे की सुरक्षा बनाए रखने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। रेलवे की नवीनतम पहल में शे-उराफुली-तारकेश्वर खंड पर ब्रिज नंबर 62 पर मौजूदा गर्डर को बदला गया। यह ब्रिज 87 वर्ष पुराना है। इस ब्रिज ने पिछले कुछ वर्षों में कई चुनौतियों का सामना किया है और अपनी स्थायित्व साबित की है। हालांकि, समय के साथ इसकी संरचना में प्राकृतिक गिरावट के कारण, यह अब उस बिंदु पर पहुंच गया है, जहां प्रतिस्थापन आवश्यक है। यह प्रतिस्थापन दीर्घकालिक सुरक्षा और दक्षता सुनिश्चित करने के



लिए पुल के निर्धारित रखरखाव के हिस्से के रूप में किया जा रहा है। इस योजना के तहत, पुराने स्टील गर्डर को आरसीसी स्लैब से बदला गया। दैनिक ट्रेन सेवाओं में व्यवधान को कम करने के लिए यह कार्य 30 नवंबर की रात को किया गया। यह रणनीतिक योजना यह सुनिश्चित करती है कि ईएमयू ट्रेनों का दैनिक परिचालन प्रभावित न हो। इंजीनियरिंग विभाग ने सुरक्षा मानकों और परिचालन निरंतरता दोनों को बनाए रखते हुए, निर्धारित समय सीमा के अंदर काम पूरा किया।

## कार और बाइक की आमने-सामने टक्कर में बाइक चालक की मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना के बासंती में एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक बाइक सवार की मौत हो गई। मृतक का नाम प्रशांत रॉय (44) है। यह घटना रविवार दोपहर बासंती के तेंतुलतला चौराहे पर हुई। पुलिस व स्थानीय सूत्रों के अनुसार रविवार को प्रशांत अपनी पत्नी के साथ बारुईपुर से डॉक्टर को दिखाकर लौट रहा था। तभी सामने से आ रही एक मारुति कार से बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस घटना में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को बचाकर बासंती ब्लॉक ग्रामीण अस्पताल ले गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद प्रशांत की मौत हो गई। इस घटना के बाद से ही कार चालक फरार है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## ठाकुरपुकुर में गृहिणी की सूझबूझ से पकड़ा गया चोर

**कोलकाता, समाज्ञा :** चोरी करने आया चोर पकड़ा गया। पुलिस को ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ी। पता चला है कि चोर जिस घर में चोरी करने आया था, गृहिणी की सूझबूझ से उसी घर में फंस गया। ठाकुरपुकुर प्रेम बाजार में एक ऐसी अजीब घटना घटी। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, परिवार की पास में ही एक दुकान है। उस गृहिणी का नाम तुसी दास है। घटना से कुछ देर पहले वह भी वहां गयी थी। वापस लौटने पर देखा कि घर का गेट खुला हुआ है। उसने जो देखा वह संदिग्ध था। तुरंत दुकान से पति को बुलाया। जब वह आया तो देखा कि चोर घर के अंदर गहनों और रुपयों को समेटने में व्यस्त था। उस समय गृहस्वामिनी ने घर के बाहर ताला लगा दिया। चोर चिल्लाने लगा। भागने का प्रयास किया। घर के सामने और लोगों की भीड़ जमा हो गई। खबर ठाकुरपुकुर थाने तक गयी। घटना के बारे में बात करते हुए गृहिणी तुसी दास कहती हैं, मैं तब घर पर नहीं थी। तभी चोर घर में घुस आया। मैं घर के सामने आयी तो देखा कि गेट पूरा खुला हुआ था। घटना देखकर मैं पास ही स्थित हमारी दुकान पर गयी। मेरे पति वहां थे। उसे बुला लायी। जब हम दोनों आरे तो हमने देखा कि कोई हमारे कमरे में आया है। जैसे ही मैंने देखा, दरवाजा बाहर से बंद कर दिया। हम दोनों चोर-चोर चिल्लाने लगे। यह सुनकर पड़ोसी दौड़कर आये। ठाकुरपुकुर थाने की पुलिस ने चोर को पकड़ लिया। साथ ही, पुलिस ने वह सामान भी बरामद कर लिया जिसे उसने चुराने की कोशिश की थी।

### बीएसएफ ने सोने की तस्करी के प्रयास को किया विफल

## भारत-बांग्लादेश सीमा पर 89.7 लाख रुपये का सोना जब्त

**कोलकाता :** बीएसएफ दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के तहत सीमा चौकी नातना, 56 बटालियन के सतर्क जवानों ने पश्चिम बंगाल के नदिया जिले की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सोने की तस्करी के प्रयास को विफल कर 89.7 लाख रुपये मूल्य के 1100 ग्राम वजन के 02 सोने के बार जब्त किए, जब तस्कर सीमा बाड़ के ऊपर से फेंककर बांग्लादेश से भारत में इन सोने की ईंटों की तस्करी करने की फिराक थे।




30 नवंबर को सीमा चौकी नातना, 56 बटालियन के जवानों को बांग्लादेश की ओर से सीमा बाड़ के पार भारत में सोना फेंकने के बारे में एक विशेष सूचना मिली। सूचना के बाद बाड़ के आगे एक विशेष घात लगाया गया। लगभग 1315 बजे, घात दल ने सीमा बाड़ के पास दो बांग्लादेशी तस्करों की हरकत देखी। संदिग्ध बदमाशों के भारतीय क्षेत्र में 100 मीटर अंदर घुसने पर घात लगाए बैठे दल ने उन्हें चुनौती दी और पकड़ने की कोशिश की, लेकिन तस्कर बांग्लादेश की ओर भागने में सफल रहे। बाद में, घात लगाए बैठे दल ने इलाके की तलाशी ली और 02 सोने की ईंटों से भरा एक पैकेट बरामद किया।

जब्त सोने की ईंटों को आगे की कानूनी जांच के लिए तेहट्टा सीमा शुल्क विभाग को सौंप दिया गया है।

बीएसएफ दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के जनसंपर्क अधिकारी ने बीएसएफ कर्मियों की सतर्कता की सराहना की और तस्करी गतिविधियों से निपटने के लिए बीएसएफ की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने स्थानीय निवासियों को बीएसएफ की सीमा साथी हेल्पलाइन 14419 या व्हाट्सएप नंबर 9903472227 के माध्यम से सोने की तस्करी से संबंधित किसी भी जानकारी की सूचना देने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि सूचना देने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा और उनकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

### एयर इंडिया एक्सप्रेस ने कोलकाता से पोर्ट ब्लेयर के लिए दैनिक उड़ान शुरू की

**कोलकाता, समाज्ञा :** एयर इंडिया एक्सप्रेस ने रविवार को नेटवर्क विस्तार के तहत कोलकाता से श्री विजयपुरम (पोर्ट ब्लेयर) के लिए दैनिक उड़ान शुरू की। एयरलाइन ने एक बयान में यह जानकारी दी। कोलकाता - श्री विजयपुरम की पहली उड़ान सुबह 5.40 बजे रवाना हुई। बयान में कहा गया है कि 15 दिसंबर से एयरलाइन इस मार्ग पर एक अतिरिक्त दैनिक उड़ान शुरू करेगी, जो कोलकाता और श्री विजयपुरम के बीच दिन में दो बार संपर्क प्रदान करेगी। कोलकाता हवाई अड्डे के भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने एक्स पर पोस्ट किया कि रोमांचक समाचार! एयर इंडिया एक्सप्रेस (आईएक्स) ने कोलकाता से पोर्ट ब्लेयर के लिए दैनिक उड़ानें शुरू की हैं। आज सुबह 05:40 बजे पहली उड़ान के साथ 175 यात्री यात्रा करेंगे। एयरलाइन ने एक बयान में कहा कि कोलकाता एयर इंडिया एक्सप्रेस के लिए बेहद महत्व रखता है, और वह इस क्षेत्र में अपनी उपस्थिति लगातार मजबूत कर रही है।

### सप्लाई चेन के मोनेटाइजेशन के ईकार्ट के प्रयासों ने पिछले 3 वर्षों में 8 गुना विकास दर्ज किया

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत की अग्रणी 4 पीएल कंपनियों में शुमार ईकार्ट अपनी उन्नत टेक्नोलॉजी व परिचालन उत्कृष्टता के साथ लॉजिस्टिक्स सेक्टर में लगातार बदलाव ला रही है। ईकार्ट ने परिचालन को विस्तार दिया है और सप्लाई चेन को मोनेटाइज करने के इसके प्रयासों ने पिछले तीन वर्षों में 8 गुना विकास दर्ज किया है। ब्रांड्स और रिटेलर्स अपनी सप्लाई चेन संबंधी जरूरतों के लिए ईकार्ट की लॉजिस्टिक्स क्षमताओं का प्रयोग करते हुए उपभोक्ताओं की मांग को पूरा करने में सक्षम हुए हैं। प्रतिदिन 60 लाख से अधिक शिपमेंट की क्षमता के साथ ईकार्ट का लास्ट-माइल नेटवर्क 98% भारतीय पोस्टल कोड तक फैला हुआ है, जिसे 5 करोड़ क्यूबिक फीट से अधिक की वेयरहाउसिंग और 7,000 ट्रकों के बेड़े से ताकत मिलती है। इन क्षमताओं से भारत में ईकॉमर्स ब्रांडों के लिए ऑर्डर के अगले दिन डिलीवरी में 30% की वृद्धि हुई है और क्षेत्रीय कवरेज में 40% का विस्तार हुआ है।

## बिराटी स्टेशन पर रेलवे हॉकरों ने बेदखली अभियान के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन

**कोलकाता, समाज्ञा :** बिराटी स्टेशन पर रेलवे हॉकरों ने बेदखली अभियान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस कारण स्टेशन परिसर में काफी गहमा-गहमी मची रही। सूत्रों के मुताबिक, स्टेशन के आसपास फेरीवालों को हटाने के लिए पहले ही नोटिस दिया गया था। इस के तहत रविवार सुबह दुकानें तोड़ने का काम शुरू हुआ। जिसे देखते ही फेरीवालों ने विरोध जताया। इसके साथ ही, कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और सीपीएम के संगठनों ने भी एक साथ विरोध प्रदर्शन किया। आरपीएफ के मौके पर पहुंचते ही फेरीवालों ने अधिकारियों को घेरकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया और रेलवे ट्रैक जाम कर दिया। जिस कारण हाबरा लोकल स्टेशन पर खड़ी रही। इसके बावजूद दुकान तोड़ने का काम नहीं रुका और बिराटी स्टेशन पर तनाव का माहौल बन गया। प्रदर्शनकारियों ने प्रदर्शन खत्म करने के लिए रेलवे द्वारा बार-बार की गई घोषणा को सुनने से इनकार कर दिया। उनका दावा है कि इसी दुकान से उनका परिवार चलता है। दुकान तोड़ने पर वे अपनी आजीविका खो देंगे। फेरीवालों ने यह भी सवाल उठाया कि रोजगार नहीं करने पर उनका परिवार कैसे चलेगा। मौके पर जीआरपी की टीम भी पहुंची। खबर लिखे जाने तक पुलिस अधिकारी प्रदर्शनकारियों से बात चीत कर स्थिति को नियंत्रित करते दिखे। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है।

## महात्मा गांधी रोड मेट्रो स्टेशन पर नई एल्यूमीनियम थर्ड रेल की गई स्थापित

**कोलकाता, समाज्ञा :** एशिया के कम से कम 14 देश अपने रेक को डीसी ट्रैक्शन पावर प्रदान करने के लिए थर्ड रेल प्रणाली का उपयोग करते हैं। कोलकाता का मेट्रो रेलवे एशिया में मेट्रो रेलवे चालू करने वाले पांचवें स्थान पर है। केंद्र सरकार के सार्वजनिक उपक्रम सेल द्वारा निर्मित स्टील थर्ड रेल, 40 वर्षों से सफलतापूर्वक रेक को बिजली प्रदान कर रही है। प्रौद्योगिकी के विकास के साथ, 80 के दशक की उन्नत प्रणाली आज के हरित ऊर्जा के युग में अप्रासंगिक और ऊर्जा अक्षम होती जा रही है। रेल मंत्रालय ने 2012 में सभी नए कॉरिडोर एल्युमीनियम थर्ड रेल से बनाने का निर्णय लिया था। तदनुसार, 40 साल पुरानी ब्लू लाइन को छोड़कर मेट्रो रेलवे, कोलकाता की सभी नई लाइनों में अब एल्युमीनियम तीसरी



रेल है। ग्रीन फील्ड प्रोजेक्ट में एल्युमीनियम तीसरी रेल के कार्यान्वयन के बाद, रेल मंत्रालय ने ब्लू लाइन की स्टील तीसरी रेल को एल्युमीनियम से बदलने का निर्णय लिया है और वित्तीय वर्ष 2022-23 में 2द17 किमी यानी 34 किमी को बदलने के लिए 113 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं।

संयुक्त निदेशक स्तर के अधिकारी सुमित कयाल की अध्यक्षता में मेट्रो रेलवे इंजीनियरों की देखरेख में यार्ड लाइन की तीसरी लाइन के सफल संचालन के बाद, सुमित कयाल के नेतृत्व वाली टीम ने 30 नवंबर की रात को वास्तविक चुनौती लेते हुए 01 दिसंबर को गिरीश पार्क से महात्मा गांधी रोड स्टेशन सहित सेंट्रल स्टेशनों तक मुख्य लाइन की सेल निर्मित स्टील थर्ड रेल को एल्युमीनियम थर्ड रेल से बदल दिया। अब तक लगभग 1800 मीटर स्टील थर्ड रेल को एल्युमीनियम थर्ड रेल से बदला जा चुका है, जिसमें से 1400 मीटर मुख्य लाइन में और 400 मीटर वाई-साइडिंग में हैं। पूरा काम 15 अगस्त 2025 से पहले पूरा करने की योजना बनाई गई है। विस्तृत इंजीनियरिंग, घटकों का निर्माण और साइट की तैयारी मेट्रो रेलवे कोलकाता के सुमित कयाल और अभिषेक सिन्हा द्वारा चरणों में की गई थी। भारत सरकार की हरित पहल को ध्यान में रखते हुए, महाप्रबंधक पी उदय कुमार रेड्डी ने परियोजना को फास्ट-ट्रैक आधार पर लागू करने पर जोर दिया है। इसके अलावा, एल्युमीनियम तीसरी रेल को कम रखरखाव की आवश्यकता होगी और इसकी कोडल लाइफ अधिक होगी।

### प्रसाद खाने के बाद हाथ धोने के दौरान पानी छिड़कने से हुई बहस, एक की मौत

**मुर्शिदाबाद :** काली पूजा के दौरान एक मामूली विवाद में एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मृत व्यक्ति का नाम खुदीराम घोष है। इस घटना में अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। मुर्शिदाबाद के शक्तिपुर के रामनगर घोषपाड़ा इलाके में हुई इस घटना से सनसनी फैल गई है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, काली पूजा का प्रसाद खाने के बाद खुदीराम हाथ धोने लगा, उस दौरान हाथ धोने वाला पानी पास के एक व्यक्ति पर छिड़क गया। इसको लेकर दोनों के बीच बहस होने लगी। बाद में यह बहस चरम पर पहुंच गया। परिजनों का आरोप है कि इसके बाद कई लोगों ने खुदीराम को डंडे से पीटना शुरू कर दिया। सूचना पाकर शक्तिपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस घायल अवस्था में खुदीराम को बचा कर स्थानीय अस्पताल ले गई जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक के परिजनों की मांग है कि आरोपियों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाए।

### 'साथी हाथ बढ़ाना' अभियान के तहत जरुरतमंदों में भोजन वितरण

**हावड़ा, समाज्ञा :** सद्गुरु सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित 'साथी हाथ बढ़ाना' अभियान के तहत रविवार को संस्था के नए साथी कनाडा में रहने वाले प्रवासी रंजन सिन्हा और रिंकी सिन्हा ने अपने वैवाहिक वर्षगांठ के अवसर पर भारत में अपने हावड़ा प्रवास के दौरान प्रतिदिन होने वाले संध्याकालीन दरिद्रनारायण भोज के आयोजन में अपनी सहभागिता दिया।

# राज्यभर में बंद रहेगी कोल्ड स्टोरेज से आलू की आपूर्ति

**हुगली :** राज्य प्रगतिशील आलू व्यापार संघ और राज्य कोल्ड स्टोरेज ओनर्स एसोसिएशन ने मंगलवार से राज्यभर में आलू की आपूर्ति बंद करने का निर्णय लिया है। व्यापारियों का आरोप है कि बिना किसी आधिकारिक अधिसूचना के राज्य की सीमाओं पर आलू लदे ट्रकों को रोका जा रहा है। इस मुद्दे पर गत गुरुवार और शनिवार को तारकेश्वर स्थित आलू व्यापारी संघ भवन में दो चरणों में बैठक हुई। बैठक के बाद यह निर्णय लिया गया कि मंगलवार से कोल्ड स्टोरेज से आलू की आपूर्ति पूरी तरह बंद रहेगी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा आलू की बढ़ती कीमतों पर नाराजगी जताने के बाद 23 नवंबर को कृषि विपणन मंत्री बचाराम मन्ना ने हुगली के आलू व्यापारियों के साथ हरिपाल में बैठक की थी। बैठक में तय हुआ था कि व्यापारियों को कोल्ड स्टोरेज से 26 रुपये प्रति किलो की दर से आलू बेचना होगा।

हालांकि, व्यापारियों का आरोप है कि तय कीमतों पर आलू बेचने के बावजूद, दूसरे राज्यों में आलू भेजने पर राज्य की सीमा पर बिना किसी अधिसूचना के प्रतिबंध लगाया जा रहा है। कई जगह पुलिस द्वारा ट्रकों को रोका जा रहा है। अवैध रूप से जुर्माना वसूला जा रहा है। गत सप्ताह दो बार हुई बैठकों के बाद शनिवार को राज्य प्रगतिशील आलू व्यापार संघ और कोल्ड स्टोरेज ओनर्स एसोसिएशन ने फैसला किया कि जब तक आलू निर्यात पर लगे प्रतिबंध को नहीं हटाया जाता, तब तक राज्यभर के कोल्ड स्टोरेज से आलू की आपूर्ति बंद रहेगी।

राज्य प्रगतिशील आलू व्यापार संघ के सचिव लालू मुखोपाध्याय ने कहा, आलू निर्यात में हमें काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। पुलिस कहीं-कहीं ट्रकों को रोककर जुर्माना कर रही है। इसके विरोध में सोमवार रात से कोल्ड स्टोरेज से आलू की आपूर्ति रोक दी जाएगी। इस निर्णय के चलते खुदरा बाजार में आलू की कीमतों में वृद्धि होने की आशंका है। हालांकि रविवार से ही आलू की कीमतों में बढ़त देखने को मिल रही है।

### आलू व्यापारियों के साथ आज सरकार की बैठक



**कोलकाता, समाज्ञा :** आलू व्यापारियों की हड़ताल की चेतावनी को गंभीरता से लेते हुए राज्य सरकार आज उनके साथ अहम बैठक करेगी। राज्य के कृषि विपणन मंत्री बेचाराम मन्ना ने आलू व्यापारियों की चेतावनी पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार आलू की कीमत को नियंत्रित करने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार की सद्भावना में कोई कमी नहीं है। मंत्री ने कहा कि गड़बड़ी दूर करने के लिए आज एक बैठक बुलाई गई है। मंत्री ने कहा कि हम इस मुद्दे को लेकर काफी चिंतित हैं। मैं सोमवार इस बारे में एक बैठक कर रहा हूं। आलू की कीमतों को निरंत्रित करने के लिए सरकार की इच्छाशक्ति में कोई कमी नहीं है। समस्या यह है कि भंडारित आलू 30-40 बेईमान व्यापारियों के हाथ में फंस गया है। हम स्टोर दर स्टोर सूची बना रहे हैं। मैं इस मामले पर आज एक जरूरी बैठक बुला रहा हूं।

## बांग्लादेश से कोलकाता आने वाली उड़ानों की संख्या में कमी आई : अधिकारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** बांग्लादेश में जारी संकट के बीच पिछले कुछ महीनों में पड़ोसी देश से कोलकाता की ओर आने वाली उड़ानों की संख्या में लगातार कमी आ रही है और यात्रियों की संख्या भी घट रही है। एनएससीबीआई हवाई अड्डे के अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि भारत की एक एयरलाइन ने भी कोलकाता और ढाका के बीच उड़ान सेवा शुरू करने की अपनी योजना को फिलहाल रद्द कर दिया है। अधिकारियों ने बताया कि पड़ोसी देश की निजी विमानन कंपनी 'यूएस-बांग्ला एयरलाइंस' द्वारा संचालित कोलकाता आने वाली उड़ानों की संख्या जुलाई में 84 थी लेकिन नवंबर में यह घटकर 24 रह गई। कोलकाता हवाई अड्डे



के अधिकारियों के अनुसार, 'यूएस-बांग्ला एयरलाइंस' के विमानों द्वारा जुलाई में 7,391 कोलकाता आए थे जबकि नवंबर में केवल 1,646 यात्री ही यहां आए। कोलकाता से बांग्लादेश की ओर जाने वाली उड़ानों की संख्या की भी यही स्थिति है। अधिकारियों ने बताया कि इसी तरह, पड़ोसी देश की राष्ट्रीय विमानन कंपनी 'बिमान बांग्लादेश' ने जुलाई में कोलकाता के लिए 59 उड़ानें संचालित की थीं और नवंबर में यह संख्या घटकर 28 रह गई। हवाई अड्डे के सूत्रों ने बताया कि इंडिगो के बांग्लादेश से आने वाले विमानों की संख्या भी 62 से घटकर 44 रह गई है। उद्योग विशेषज्ञों के अनुसार, बांग्लादेश में इस साल अगस्त से जारी संकट के कारण उड़ान परिचालन में कमी हुई है। 'ट्रैवल एजेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया' (टीएएफआई) के पूर्वी क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले समिति सदस्य अनिल पंजाबी ने बताया कि पर्यटन पर इसका बहुत बुरा असर पड़ा है। कोलकाता के न्यू मार्केट इलाके के दुकानदार, सदर स्ट्रीट समेत शहर के मध्य भाग के होटल, ट्रैवल एजेंट और दूसरे व्यवसायी सबसे ज़्यादा प्रभावित हुए हैं।

## सीएम हेमंत सोरेन ने आलू से लदे वाहनों को पश्चिम बंगाल की सीमा पर रोकने का संज्ञान लिया

**रांची/कोलकाता :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य की पश्चिम बंगाल से लगी सीमा पर आलू से लदे वाहनों को रोके जाने का रविवार को संज्ञान लिया। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। वाहनों को रोके जाने से राज्य में आलू की आपूर्ति प्रभावित हुई है। मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव अलका तिवारी को तत्काल प्रभाव से मामले से निपटने का निर्देश दिया।

बता दें कि पश्चिम बंगाल के आलू व्यापारियों के एक संगठन के अनुसार, पश्चिम बंगाल सरकार ने आलू का भंडार बनाए रखने और राज्य में आलू की कीमत को नियंत्रण में रखने के लिए गत गुरुवार से आलू की अंतरराज्यीय आपूर्ति पर कथित रूप से प्रतिबंध लगा दिया है। बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री के निर्देश पर तिवारी ने मामले के निपटारे के लिए पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव मनोज पंत से फोन पर बात की। बयान में कहा गया कि पंत ने आश्वासन दिया है कि आलू आपूर्ति के मुद्दे को सुलझाने के लिए जल्द ही एक समिति गठित की जाएगी। एक अधिकारी के अनुसार, पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल द्वारा आलू की आपूर्ति सीमित कर दिए जाने के कारण झारखंड के खुदरा बाजार में पिछले दो दिनों में आलू की कीमत में पांच रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी हुई है।

उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल पूरे साल झारखंड की आलू की 60 प्रतिशत मांग को पूरा करता है, जबकि बाकी मांग उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और स्थानीय रूप से पूरी होती है।

## सिविक वॉलंटियर पर शादी का वादा कर दुष्कर्म का आरोप

**मुर्शिदाबाद :** सिविक वॉलंटियर फिर सवालों के घेरे में है। फिर, एक सिविक वॉलंटियर पर दुष्कर्म का आरोप लगाया गया है। एक सिविक वॉलंटियर पर शादी का वादा कर एक महिला से बार-बार रौन संबंध बनाने का आरोप लगा है। घटना मुर्शिदाबाद के डोमकल में हुई। आरोपी सिविक वॉलंटियर डोमकल थाने में कार्यरत है। आरोपी का नाम सलाम मंडल नाम है। पीड़िता ने मुर्शिदाबाद जिला पुलिस से शिकायत की तो आरोपी के खिलाफ धारा 69, 77 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पीड़िता की मांग है कि न केवल संभोग, सिविक वॉलंटियर अंतरंग पलों की तस्वीरें और वीडियों खींचकर सोशल मीडिया पर वाररल करने की धमकी दे रहा था। फिर, कथित तौर पर जबरन शारीरिक संबंध बनाया।

# अब से बंगाली में भी नेमप्लेट-होर्डिंग होगा लिखना, केएमसी ने जारी की अधिसूचना

**कोलकाता, समाज्ञा :** विज्ञापन होर्डिंग से लेकर दुकान के साइनबोर्ड, सरकारी कार्यालयों के नाम बोर्ड से लेकर सड़क की नेमप्लेट तक - अब से सब कुछ बंगाली में भी लिखा होगा। दरअसल, हाल ही में, कोलकाता नगर निगम के सचिव की ओर से इस संबंध में एक सर्कुलर जारी किया गया है। इस बाबत, नेमप्लेट पर बांग्ला लेखन लागू करने के लिए नगर निगम की ओर से 26 नवंबर को लालबाजार को पत्र भेजा गया है। लालबाजार ने वह नोटिस शहर के हर थाने को भेज दिया है। सभी पुलिस स्टेशनों के व्यवसायी अपने प्रतिष्ठानों का नाम बांग्ला के साथ-साथ अन्य भाषाओं में भी लिखें, इसकी निगरानी थाने के




ओसी करेंगे। नगर निगम के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि बंगाली हमारी मातृभाषा है। शहर में अभी भी कई दुकानों और रेस्तरांओं के नेमप्लेट पर बांग्ला नहीं लिखा है। अब से नेमप्लेट में अन्य भाषाएं होने पर भी बांग्ला अवश्य रखी जाएंगी। इस नीति के क्रियान्वयन पर कोलकाता नगर निगम के साथ-साथ कोलकाता पुलिस भी नजर रखेगी। उल्लेखनीय है कि गत 26 अक्टूबर को कोलकाता नगर निगम के मासिक सत्र में वार्ड 48 के पार्षद विश्वरूप दे ने एक प्रस्ताव में कहा कि बांग्ला भाषा को शास्त्रीय भाषा के रूप में मान्यता दी गयी है। इसलिए, नगर निगम के अंतर्गत सार्वजनिक और निजी स्तर पर सभी साइनबोर्ड पर बंगाली भाषा होनी चाहिए। इसके अलावा, नगर निगम दस्तावेजों सहित सभी पत्राचार और परिपत्र बंगाली में लिखे जाने चाहिए। मेयर ने उस प्रस्ताव पर सहमति जतायी। उसके बाद, उस नीति को लागू करने के लिए नगर सचिव की ओर से यह अधिसूचना जारी की गयी है।

## हावड़ा में दो अलग-अलग जगह गाड़ियों में लगी आग, मची अफरा-तफरी

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के मालीपांचघड़ा थानांतर्गत घुसुड़ी इलाके में एक मालवाहक गाड़ी में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। मिली जानकारी के अनुसार, गाड़ी चालक सड़क किनारे गाड़ी को खड़ा कर रहा था कि तभी अचानक इंजन में आग लग गयी। आग की लपटे देख भगदड़ मच गई। खबर मिलते ही मौके पर एक दमकल की गाड़ी पहुंची और आग पर काबू पा लिया गया। लेकिन गाड़ी का सामने का हिस्सा पूरी तरह से जल गया। वहीं, दूसरी ओर रविवार को डोमजूर थानांतर्गत आलमपुर इलाके में एक कार में आग लगने की घटना सामने आयी। बताया जा रहा है कि कार कोलाघाट से कोलकाता की ओर जा



रही थी कि तभी गाड़ी में आग लग गयी। खबर मिलते ही मौके पर दमकल की एक इंजन पहुंची और आग पर काबू पा लिया गया। इस घटना में भी किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।

## अपराजिता बिल को कानून बनाने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन

**हुगली :** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निर्देश पर महिलाओं और बच्चों से संबंधित अपराजिता बिल को कानून बनाने की मांग के समर्थन में जिले के हरिपाल ब्लॉक तृणमूल महिला कांग्रेस ने एक धरना प्रदर्शन का आयोजन किया। नालिकुल बटतला क्षेत्र में आयोजित इस धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में हरिपाल की विधायक डॉ. करबी मान्ना ने विशेष रूप से भाग लिया। धरना कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य पर चर्चा की गई। विधायक कारबी मन्ना ने कहा कि अपराजिता बिल के लागू होने से महिलाओं और बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों को रोकने में मदद मिलेगी। धरना में बड़ी




संख्या में महिलाओं ने भाग लिया और अपने अधिकारों को लेकर जागरूकता की आवश्यकता पर जोर दिया। इस दौरान उपस्थित महिलाओं ने नारे लगाकर अपनी मांगों पर बल दिया।

विधायक डॉ. करबी मान्ना ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व में इस बिल को जल्द ही कानून बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।

# महानगर की सड़कों पर चलती रहे पीली टैक्सियां, राज्य से अनुरोध

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में ट्रामें रहेंगी या नहीं, इसका जवाब समय आने पर मिलेगा। इसी तरह, शहर की प्रतिष्ठित पीली टैक्सी का भविष्य भी अस्थिर है। कोलकाता में नहीं दिखेगी वो परिचित पीली टैक्सी? हालांकि, राज्य सरकार पीली टैक्सियों की जगह पीली ऐप कैब शुरू करना चाहती है। इस संबंध में एक संगठन से बातचीत भी शुरू हो गई है। कोलकाता में फिलहाल 6 हजार पीली टैक्सियां हैं। यह अब मीटर पर नहीं चलती है। 99 फीसदी मामलों में किराया चालक के मुताबिक देना पड़ता है। दिसंबर के



अंत में करीब 4500 पीली टैक्सियां 'पुरानी कारों' यानी 15 साल से ज्यादा पुरानी कारों के कारण खत्म हो जाएंगी। लेकिन कोविड से पहले भी शहर में करीब 18 हजार पीली टैक्सियां थी। ऐप कैब की लोकप्रियता के कारण एक समय भरोसेमंद वाहन धीरे-धीरे गायब होता जा रहा है। कुछ वाहन चालकों का व्यवहार भी ऐसा होता है, जिसे लेकर कभी-कभार शिकायतें भी सामने आती रहती हैं।

'वेस्ट बंगाल टैक्सी ऑपरेटर्स कोऑर्डिनेशन कमेटी' ने शहर की परिवहन तस्वीर में पीली टैक्सियों को बचाने के लिए परिवहन मंत्री स्नेहाशीष चक्रवर्ती से हस्तक्षेप की मांग की है। उनके मुताबिक आज भी लोग पीले रंग की एंबेसेडर को टैक्सी समझते हैं। उस कार का प्रोडक्शन बंद कर दिया गया है। मैन्युफैक्चरिंग कंपनी हिंदुस्तान मोटर्स की उत्तरपाड़ा कंपनी बंद हो गई है। समन्वय समिति के संयोजक नवलकिशोर श्रीवास्तव का राज्य को प्रस्ताव है कि दूसरी कंपनी की गाड़ियों को पीली टैक्सी के तौर पर इस्तेमाल करने की इजाजत दे।

परिवहन मंत्री का कहना है कि एम्बेसडर की जगह किसी अन्य कंपनी की गाड़ी को पीली टैक्सी के रूप में इस्तेमाल करने की अनुमति देने में उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। उन्होंने कहा, कोई भी चाहे तो ऐसा कर सकता है। साथ ही उन्होंने परिवहन विभाग से उस संगठन की चर्चा की जानकारी दी। स्नेहाशीष के मुताबिक, वे येलो इको-फ्रेंडली ऐप कैब लाना चाहते हैं। कंपनी विश्व बंगाल उद्योग सम्मेलन में आयेंगी, इसलिए मंत्री अभी इस मामले पर विस्तार से कुछ भी कहने से कतरा रहे हैं।

## मानव उत्थान समिति का सद्भावना सम्मेलन हेतु प्रभात फेरी का आयोजन

**हावड़ा, समाज्ञा :** मानव उत्थान समिति के सानिध्य में मध्य हावड़ा के अंचल में सद्भावना सम्मेलन हेतु प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। हावड़ा मैदान अंचल में एक प्रभात फेरी का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो महिला, पुरूष एवं बच्चों ने गाजे-बाजे के साथ रंग-बिरंगी पोशाक में सज-धजकर जुलूस के आकार में उत्साहित होकर शिरकत किया। अंत में, चिंतामणी दे रोड बाजार कोलकाता निवासी विशिष्ट समाजसेवी विजय कुमार सिंह के कंपाउंड में सब एकत्रित हुए। प्रभात फेरी के नेतृत्वकारी मनिषि अंजना बाई एवं महात्मा रामतिर्थनंद ने उप-स्थित शिष्यों को संबोधित करते हुए सद्भावना सम्मेलन को सफल बनाने की गुजारिश की। इस अवसर समिति की ओर सभी महात्माओं एवं



मनीषियों सहित समाजसेवी विजय कुमार सिंह, सुशीला देवी सिंह, जय प्रकाश गुप्ता एवं समाज्ञा हिन्दी दैनिक समाचार पत्र के प्रधान संपादक अनिल कुमार राय को माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। अध्यात्मिक चिंतक सतपाल महाराज के सानिध्य में 28 एवं 29 दिसम्बर को शहीद मीनार कोलकाता में सद्भावना सम्मेलन का आयोजन होगा जिसमें कई अनुभवी संत महात्मा अपनी ज्ञान का प्रकाश फैलाएगें।

## पूर्वी कमान मुख्यालय, कोलकाता में मनाया गया बीएसएफ का 60वां स्थापना दिवस

**कोलकाता :** भारत की सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने अपने 60वें स्थापना दिवस के अवसर पर पूर्वी कमान मुख्यालय में भव्य आयोजन किया। इस अवसर पर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी गई, जिन्होंने देश की सुरक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर किए। इसके बाद विशेष महानिदेशक (पूर्वी कमान) रवि गांधी ने वृक्षार-ोपण किया।

इस आयोजन में मुख्यालय के सभी अधिकारियों और जवानों ने भाग लिया। अपने संबोधन में रवि गांधी ने बीएसएफ की छह दशक की अद्वितीय उपलब्धियों की सराहना की और बांग्लादेश के साथ भारत की सीमा की रक्षा के प्रति बल की प्रतिबद्धता को दो-हराया। उन्होंने कहा कि बीएसएफ



ने सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा और वहां रहने वाली जनता के जीवन में सुरक्षा की भावना स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई है।

कार्यक्रम के दौरान कई सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी हुईं। बीएसएफ के जवानों ने पूर्वी सांस्कृतिक क्षेत्र की झलक प्रस्तुत की। इसके साथ ही, उदोक परफॉर्मिंग आर्ट के कलाकारों ने स्वतंत्रता सेनानी मंगल पांडे के जीवन पर आधारित एक रंगीन नृत्य प्रस्तुति दी, जिसे उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा।

# विदेश की खबरें

## ट्रंप ने भारतीय मूल के काश पटेल को एफबीआई निदेशक पद के लिए नामित किया

**वाशिंगटन :** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) के निदेशक पद के लिए अपने निकट सहयोगी एवं विश्वासपात्र काश पटेल को नामित किया। यह चयन ट्रंप के इस दृष्टिकोण के अनुरूप है कि सरकार की कानून प्रवर्तन और खुफिया एजेंसियों में आमूलचूल परिवर्तन की आवश्यकता है। साथ ही ट्रंप ने अपने विरोधियों के विरुद्ध प्रतिशोध की इच्छा जताई है। ऐसे में इस पद के लिए पटेल का चयन मायने रखता है। ट्रंप ने शनिवार रात सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा, ''पटेल ने रूस के संबंध में फैलाए



गए झूठ को उजागर करने में महत्व-पूर्ण भूमिका निभाई और वह सच्चाई, जवाबदेही एवं संविधान के समर्थक के रूप में खड़े रहे।'' ट्रंप ने अपने स्वामित्व वाले सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ सोशल' पर कहा, ''मुझे यह घोषणा करते हुए गर्व महसूस हो रहा है कि कश्यप काश पटेल एफबीआई के अगले निदेशक के रूप में काम करेंगे। काश एक बेहतरीन वकील, जांचकर्ता और 'अमेरिका को प्राथमिका देने वाले' योद्धा हैं, जिन्होंने अपने करियर के दौरान भ्रष्टाचार को उजागर किया और न्याय तथा अमेरिका के लोगों की रक्षा की।''

### ट्रंप ने अपने समधी को बनाया पश्चिम एशिया मामलों का वरिष्ठ सलाहकार

**वेस्ट पाम बीच(अमेरिका) :** अमेरिका के नव निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को लेबनानी अमेरिकी व्यवसायी मासाद बौलोस को अरब और पश्चिम एशिया मामलों पर वरिष्ठ सलाहकार नियुक्त किया। बौलोस ट्रंप के समधी हैं। ट्रंप की बेटी की शादी बौलोस के बेटे से हुई है। बौलोस ने चुनाव के दौरान मिशिगन में अरब अमेरिकी समुदाय को साधने के लिए ट्रंप की कोशिश का समर्थन किया था और बड़ी अरब अमेरिकी आबादी वाले क्षेत्रों में दर्जनों बैठकें आयोजित कीं थी, जो डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा गाजा और लेबनान में इजराइल के हमलों का समर्थन करने से नाराज थे। ट्रंप ने अरब अमेरिकी बहुल शहर डियरबॉर्न हाइट्स में जीत हासिल की तथा मिशिगन और अन्य महत्वपूर्ण राज्यों में भी जीत दर्ज की।इसके अलावा ट्रंप ने इजरायल में अमेरिकी राजदूत के लिए माइक हुकाबी को नामित किया है जिन्होंने इजराइल के कब्जे वाले क्षेत्र में फलस्तीन राज्य की स्थापना को खारिज किया है। ट्रंप ने रक्षा मंत्री के तौर पर पीट हेगसेथ को नामित किया है जिन्होंने इस्लाम के सबसे पवित्र स्थलों में से एक अल-अक्सा मस्जिद के स्थल पर बाइबिल के मुताबिक यहूदी मंदिर के पुनर्निर्माण की वकालत की है।

## एचआईवी संक्रमण को रोक सकता है साल में दो बार दिए जाने वाला टीका

**मैक्सिको सिटी :** महिलाओं पर किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि साल में दो बार दिया जाने वाला एक टीका एचआईवी संक्रमण को रोकने में 100 फीसदी प्रभावी है तथा बुधवार को प्रकाशित परिणामों से पता चला कि पुरुषों में भी यह लगभग उतना ही कारगर है। इसे एड्स वायरस के विरुद्ध विश्व का अब तक का सबसे निकटतम टीका कहा गया है।दवा निर्माता कंपनी गिलियड ने कहा कि वह उच्च एचआईवी दर वाले 120 गरीब देशों में सस्ते, जेनेरिक संस्करण बेचने की अनुमति देगी - जिनमें अधिकतर अफ्रीका, दक्षिण पूर्व एशिया और कैरीबियाई देश हैं।मगर इसमें लगभग पूरे लातिन अमेरिका को शामिल नहीं किया गया है, जहां संक्रमण की दर बहुत कम हैं लेकिन यह तेजी से बढ़



रही है।यूएनएड्स (एचआईवी/एड्स पर संयुक्त राष्ट्र कार्यक्रम) की कार्यकारी निदेशक विनी बयानीमा ने कहा, यह टीका हमारे पास उपलब्ध किसी भी अन्य रोकथाम पद्धति से खासा बेहतर है। यह अभूतपूर्व है। उन्होंने दवा विकसित करने का श्रेय गिलियड को दिया, लेकिन कहा कि एड्स को रोकने की विश्व की क्षमता जोखिमग्रस्त देशों में इसके उपयोग पर निर्भर करती है। रविवार को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जारी एक रिपोर्ट में यूएनएड्स ने कहा कि पिछले वर्ष एड्स से मरने वालों की संख्या अनुमानित तौर पर 630,000 थी जो 2004 के बाद से सबसे कम थी। इससे पता चलता है कि विश्व अब एक ऐतिहासिक मोड़ पर है और इस महामारी को समाप्त करने का एक मौका है।'लेनाकापाविर' नामक दवा पहले से ही अमेरिका, कनाडा, यूरोप और अन्य जगहों पर एचआईवी संक्रमण के इलाज के लिए 'सनलेन्का' ब्रांड नाम से बेची जा रही है। कंपनी एचआईवी की रोकथाम के लिए 'सनलेन्का' के इस्तेमाल के लिए जल्द ही अनुमति लेने की योजना बना रही है।विशेषज्ञों का कहना है कि गिलियड के टीके की साल में दो बार दी जाने वाली खुराक विशेष रूप से हाशिए पर रहने वाले लोगों के लिए उपयोगी होंगी।

## नेपाल के प्रधानमंत्री ओली सोमवार को चार दिवसीय यात्रा पर चीन आएंगे

**बीजिंग :** नेपाल के प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली सोमवार को चार दिवसीय यात्रा पर चीन आएंगे। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच बीआरआई परियोजनाओं को पुनर्जीवित करने की नई योजना पर चर्चा होने की उम्मीद है। विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने शुक्रवार को यहां कहा कि ओली दो से पांच दिसंबर तक चीन की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि इस दौरान चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग उनसे मुलाकात करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ली क्विंग और अन्य अधिकारी ओली से बातचीत करेंगे। उन्होंने कहा, ''ओली ने नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में दो बार चीन का दौरा किया और चीन-नेपाल संबंधों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।'' उन्होंने कहा, ''दोनों देशों के नेता हमारी पारंपरिक मित्रता को मजबूत करने, बेल्ट एंड रोड (बीआरआई) सहयोग का विस्तार करने और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के साथ-साथ आपसी हित के अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर विचारों का गहन आदान-प्रदान करेंगे।'' चीन समर्थक नेता माने जाने वाले ओली नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) और नेपाली कांग्रेस की गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं, जो चीन और भारत के साथ संतुलित संबंध चाहती है। ओली नेपाली प्रधानमंत्रियों द्वारा पदभार ग्रहण करने के बाद अपने पड़ोस में भारत को पहला गंतव्य बनाने की आम परंपरा को तोड़ रहे हैं जबकि मीडिया में ऐसी खबरें हैं कि उन्हें नई दिल्ली से निमंत्रण नहीं मिला है। नेपाली कांग्रेस की ओर से नेपाली विदेश मंत्री आरजू राणा देउबा ने पदभार ग्रहण करने के बाद भारत का दौरा किया था और भारत के अपने समकक्ष एस जयशंकर के साथ व्यापक वार्ता की थी। नेपाल मीडिया की खबरों के अनुसार ओली की यात्रा का मुख्य उद्देश्य 2017 में दोनों देशों के बीच हस्ताक्षरित 'बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव' (बीआरआई) परियोजनाओं को पुनर्जीवित करना है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### उत्तर प्रदेश: दो बाइकों की टक्कर में मामा-भांजे सहित तीन लोगों की मौत

**आगरा :** उत्तर प्रदेश के आगरा जिले में शनिवार देर शाम दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में मामा-भांजे सहित तीन लोगों की मौत हो गयी। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि डौकी थाना क्षेत्र के वाजिदपुर-टूण्डला मार्ग पर हुए इस हादसे में गंभीर रूप से घायल महिला को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने बताया कि डौकी के नगरिया रामकरन इलाके का रहने वाला मनीष (22) शनिवार सुबह बाइक से अपनी पत्नी पूजा और 10 वर्षीय भांजे रामकिशन के साथ फिरोजाबाद के नगला सिंधी में खेत पर काम करने गया था। अधिकारी ने बताया कि देर शाम लौटते समय मनीष की बाइक की यमुना नदी पुल पर सामने से आ रही एक अन्य मोटरसाइकिल से जोरदार टक्कर हो गयी। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में रामकिशन और दूसरी बाइक पर सवार सूरज की मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने सूरज की उम्र 16 साल बतायी है। पुलिस के मुताबिक, मनीष व उसकी पत्नी पूजा गंभीर रूप से घायल हो गये और उन्हें फतेहाबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया गया, जहां चिकित्सकों ने मनीष को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि पूजा को फतेहाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### हत्या के मामले में दोषी व्यक्ति को सश्रम आजीवन कारावास

**महराजगंज (उप्र) :** महराजगंज जिले की एक स्थानीय अदालत ने हत्या के तीन साल पुराने एक मामले में आरोपी एक व्यक्ति को दोषी ठहराते हुए उसे सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अपर पुलिस अधीक्षक अतीश कुमार सिंह ने रविवार को बताया कि अपर सत्र/विशेष न्यायाधीश (त्वरित अदालत) फूल चंद कुशवाहा ने आरोपी मुकेश पटेल को 14 मई 2022 को अनीशा राव की हत्या के लिए शनिवार को दोषी ठहराया और उसे आजीवन कारावास एवं 50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। पुलिस ने सिंदुरुरिया थाने में हत्या के आरोप में मामला दर्ज किया था। सिंह ने बताया कि 14 मई 2022 को पटेल ने पतरेगवा गांव में अनीशा की गला घोंटकर हत्या कर दी थी क्योंकि वह उस पर शादी के लिए दबाव बना रही थी।

### राजस्थान: मंत्री जवाहर सिंह बेधम ने 'पधारो म्हारे देश भारत' अभियान की शुरुआत की

**जयपुर :** राजस्थान के गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेधम ने रविवार को एक मैराथन को हरी झंडी दिखाकर 'पधारो म्हारे देश भारत' अभियान की शुरुआत की। 'ग्रार्ली हूप ग्लोबल फेडरेशन' द्वारा शुरू किए गए इस अभियान का उद्देश्य भारतीय सांस्कृतिक विरासत, पर्यावरणीय स्थिरता और वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देना है। संगठन के संस्थापक अमरजीत ने बताया कि इस कार्यक्रम में करीब 20 विद्यालयों के छात्र, शिक्षक, अभिभावक और अन्य लोग शामिल हुए। मंत्री बेधम और आध्यात्मिक गुरु रितेश्वर महाराज ने जवाहर सर्किल से मैराथन को हरी झंडी दिखाई। बेधम ने सभा को संबोधित करते हुए शिक्षकों और विद्यार्थियों को देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया। आध्यात्मिक गुरु रितेश्वर महाराज ने भारतीय मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया।

### भारी मात्रा में नकली डीएपी बरामद, पांच लोग गिरफ्तार

**जालौन :** उत्तर प्रदेश के जालौन जिले में पुलिस एवं कृषि विभाग के अधिकारियों ने एक साझा अभियान के तहत नकली डीएपी (डाई-अमोनियम फॉस्फेट) बोरियों में भरकर किसानों को बेचने के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया और भारी मात्रा में नकली डीएपी बरामद किया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और आवश्यक वस्तु अधिनियम की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। जालौन के पुलिस अधीक्षक (एसपी) डॉ. दुर्गेश कुमार ने बताया कि जिला कृषि अधिकारी गौरव यादव के नेतृत्व में कृषि विभाग के अधिकारियों और स्थानीय पुलिस के एक संयुक्त कार्य बल ने जिले में नकली डीएपी के प्रचलन को रोकने के लिए कार्रवाई की।

# किसी के साथ अन्याय नहीं होगा : योगी आदित्यनाथ



**गोरखपुर :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि उनकी सरकार पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ जनता की हर शिकायत का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है और किसी के भी साथ अन्याय नहीं होगा। मुख्यमंत्री ने सुबह गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में आयोजित 'जनता दर्शन' कार्यक्रम में 300 से अधिक लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना। आदित्यनाथ ने सभी फरियादियों को आश्वासन दिया कि उनकी सरकार निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ हर शिकायत का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को शीघ्र और उच्च-गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुए कहा, ''किसी भी तरह का अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हर व्यक्ति को न्याय मिलेगा।'' आदित्यनाथ ने कहा, ''सरकार हर शिकायत का समाधान करने के अपने संकल्प पर अडिग है। अधिकारियों को संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाना चाहिए और जनता की समस्याओं का संतोषजनक समाधान प्रदान करना चाहिए।'' मुख्यमंत्री ने पारिवारिक मतभेदों के लिए मध्यस्थता और समाधान विफल होने पर कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिये। उन्होंने भू-माफिया द्वारा किए गए अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आदेश भी दिया। जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान कई फरियादियों ने चिकित्सा उपचार के लिए वित्तीय सहायता मांगी। मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त करते हुए अधिकारियों को उपचार से संबंधित खर्चों के आकलन की प्रक्रिया में तेजी लाने और इसे बिना देरी के सरकार को भेजने का निर्देश दिया। पुलिस और राजस्व विभाग से जुड़े मामलों के लिए उन्होंने निष्पक्ष तथा पारदर्शी तरीके से निपटने का आह्वान किया, ताकि सभी को न्याय मिल सके।

### दहेज प्रथा पर प्रहार व सामाजिक समता का प्रतीक है सामूहिक विवाह कार्यक्रम

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि प्रदेश सरकार के समाज कल्याण विभाग की तरफ से होने वाला मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम एक तरफ सामाजिक समता का प्रतीक हैं तो वहीं दूसरी तरफ यह समाज की बड़ी विकृति दहेज प्रथा पर कड़ा प्रहार भी है। योगी रविवार को हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (खाद कारखाना) के परिसर में 1200 जोड़ों के मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, सामूहिक विवाह कार्यक्रम में जाति, मत, मजहब, क्षेत्र, भाषा का कोई बंधन नहीं है। हिंदू, मुस्लिम या अन्य मतावलंबी, सभी अपनी-अपनी परंपरा के अनुरूप विवाह के पवित्र बंधन में जुड़ रहे हैं। योगी ने कहा, साथ ही यह कार्यक्रम दहेज, बाल विवाह और अश्पृश्यता के खिलाफ सरकार द्वारा शुरू की गई एक लड़ाई और अभियान भी है।

# बिहार के मंत्री रत्नेश सदा, साइना नेहवाल ने 'पटना मैराथन 2024' को हरी झंडी दिखाई




पटना : बिहार को नशा मुक्त बनाने और नशे के खिलाफ जागरुकता बढ़ाने के लिए रविवार को यहां 'पटना मैराथन 2024' में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल और बिहार के मद्यनिषेध एवं उत्पाद मंत्री रत्नेश सदा ने राज्य की राजधानी पटना के गांधी मैदान में मैराथन को हरी झंडी दिखाई। पटना मैराथन 2024 का विषय 'नशा मुक्त बिहार के लिए दौड़' है। राज्य सरकार के मद्यनिषेध एवं आबकारी विभाग और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने संयुक्त रूप से इस कार्यक्रम का आयोजन किया। मैराथन में बड़ी संख्या में कॉलेज के छात्रों, युवा एथलीटों, अधिकारियों और यहां तक कि वरिष्ठ नागरिकों ने भी भाग लिया। यह मैराथन चार श्रेणी में आयोजित की गई जिसमें फुल मैराथन (42.2 किलोमीटर), हाफ मैराथन (21.1 किलोमीटर), 10 किलोमीटर और पांच किलोमीटर दौड़ शामिल हैं। मंत्री ने संवाददाताओं से कहा, ''बिहार को नशा मुक्त बनाने, नशे के खिलाफ जागरुकता बढ़ाने और एक स्वस्थ समाज को बढ़ावा देने के लिए बड़ी संख्या में युवा, महिलाएं और बच्चे इस आयोजन में हिस्सा ले रहे हैं। हमारे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिहार को नशा मुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'' उन्होंने कहा, ''अप्रैल 2016 में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार ने शराब की बिक्री, खरीद, सेवन और उत्पादन पर प्रतिबंध लगा दिया था। इसे लोगों का जबरदस्त समर्थन मिला।'' इस अवसर पर साइना नेहवाल ने कहा, ''इस तरह के आयोजन हमें बीमारियों से दूर रहने और स्वस्थ रहने में मदद करते हैं। इस तरह के मैराथन नियमित रूप से आयोजित किए जाने चाहिए... इसमें बड़ी संख्या में लोग भाग ले रहे हैं, जो स्वास्थ्य और समाज के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और चिंता को दर्शाता है।''

## अगले साल फरवरी तक भाजपा की झारखंड ईकाई का नया अध्यक्ष चुना जाएगा: लक्ष्मीकांत बाजपेयी

**रांची :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के झारखंड प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेयी ने रविवार को कहा कि अगले साल फरवरी तक नये प्रदेश अध्यक्ष का चयन होने की संभावना है। झारखंड की 81 विधानसभा सीट पर हुए चुनाव में भाजपा के हार जाने के बाद यह घोषणा की गई है। उन्होंने कहा कि झारखंड में सात या आठ दिसंबर को भाजपा का सदस्यता अभियान शुरू होगा। बाजपेयी ने रांची में पार्टी की दो दिवसीय चुनाव समीक्षा बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, ''इस सदस्यता अभियान के माध्यम से हम हर व्यक्ति के पास जाएंगे और एक ऐसा संगठन बनाएंगे जो सबको सुरक्षा प्रदान करेगा। ऐसी पूरी संभावना है कि अगले साल फरवरी तक भाजपा की झारखंड ईकाई का नया अध्यक्ष चुन लिया जाएगा।'' वर्तमान में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी हैं। बाजपेयी ने कहा कि दो दिवसीय बैठक के दौरान जो भी प्रतिक्रियाएं मिली हैं, उन्हें लिख लिया गया है और यहां संगठन को मजबूत करने के लिए पार्टी की भविष्य की योजनाओं में इन सुझावों को ध्यान में रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि झारखंड में भाजपा के सदस्यता अभियान के लिए सांसद डी. पुरंदेश्वरी को नियुक्त किया गया है।

## काशी और मथुरा में मंदिर-मस्जिद से जुड़े वादों की सुनवाई त्वरित सुनवायी अदालत में करने की मांग



**मथुरा :** मथुरा के वृन्दावन में एक हिन्दूवादी संगठन द्वारा आयोजित 'हिन्दू राष्ट्र अधिवेशन' में मथुरा व काशी (वाराणसी) में मंदिर-मस्जिद से जुड़े वादों की सुनवाई त्वरित सुनवायी अदालत में करने की मांग की गयी। 'हिन्दू जनजागृति समिति' द्वारा शनिवार को आयोजित इस अधिवेशन में देशभर में हलाल प्रमाण पत्र जारी किए जाने पर पूरी तरह पाबंदी लगाए जाने तथा बांग्लादेश में हिन्दुओं पर कथित रूप से हो रहे अत्याचारों एवं उत्पीड़न की कार्रवाई के मामले में ठोस कार्रवाई किए जाने की मांगें भी की गयीं। इस अधिवेशन का आयोजन बालाजी धाम मंदिर परिसर में किया गया, जिसमें अनेक हिन्दू संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। हिन्दू जनजागृति समिति के राष्ट्रीय मार्गदर्शक डॉक्टर चारुदत्त पिंगले ने कहा, ''भारत की अखण्डता और सांस्कृतिक पहचान को सुरक्षित रखने के लिए हिन्दू राष्ट्र की स्थापना अनिवार्य है।'' उन्होंने अमेरिकी शोध संस्था 'प्यू रिसर्च सेंटर' की रिपोर्ट का हवाला देते हुए चेताया कि साल 2050 तक भारत में मुस्लिम आबादी विश्व में सबसे अधिक होगी। उन्होंने साथ ही, मणिपुर और मिजोरम को अलग ईसाई राष्ट्र बनाने के प्रयासों और वक्फ कानून के माध्यम से ''लैण्ड जिहाद'' के कथित खतरे पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया। कथाव-

## न्यूज अपडेट

### उप्र: लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर 10 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने के लिए अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**बलिया :** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता और नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष को पत्र भेजकर 10 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रविवार को मुकदमा दर्ज किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि व्यक्ति ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का सदस्य बताया। उभांव थाना प्रभारी विपिन सिंह ने रविवार को बताया कि बिल्थरा रोड नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन दिनेश कुमार गुप्ता की तहरीर पर रविवार को अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 351(4) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। गुप्ता ने संवाददाताओं को बताया कि उन्हें तीन दिन पहले डाक के जरिए एक पत्र मिला, जिसमें आरोपी ने खुद को बिश्नोई गिरोह का सदस्य करार देते हुए उनसे 10 करोड़ रुपये की फिरौती मांगी। पीड़ित ने बताया कि उनकी पत्नी रेनू गुप्ता वर्तमान समय में भाजपा की बिल्थरा रोड नगर पंचायत की अध्यक्ष हैं। बिल्थरा रोड नगर पंचायत के दो बार अध्यक्ष रहे गुप्ता व्यवसायी हैं। साथ ही वह भाजपा के व्यापार प्रकोष्ठ के गोरक्ष प्रांत के सह संयोजक भी हैं।

### उत्तर प्रदेश: घर में घुसकर विधवा से दुष्कर्म की कोशिश के लिए दो लोगों के खिलाफ मुकदमा

**भदोही :** उत्तर प्रदेश के भदोही जिले में घर में घुसकर एक विधवा से कथित तौर पर दुष्कर्म की कोशिश करने के लिए दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस क्षेत्राधिकारी चमन सिंह चावड़ा ने बताया कि ज्ञानपुर क्षेत्र में रहने वाली एक विधवा महिला ने शनिवार को पुलिस अधीक्षक मीनाक्षी कात्यायन से मामले की शिकायत की थी। पीड़िता ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि 27 ननंबर की रात करीब आठ बजे उसी क्षेत्र के रहने वाले दबंग हरिश्चन्द्र हरिजन और गुलाब चन्द हरिजन उसके घर में जबरन घुस आए। शिकायतकर्ता के मुताबिक, उसे घर में अकेला पाकर गुलाब चंद ने पहले उसका मुंह दबा दिया और आरोपियों ने उसके साथ दुष्कर्म की कोशिश की। पीड़िता ने बताया कि शोर मचाने पर दोनों आरोपियों ने उसे मारना-पीटना शुरू कर दिया हालांकि शोर सुनकर आस-पास के लोग वहां पहुंचे लेकिन वे गाली-गलौज करते हुए उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गये।

### बिहार : मिट्टी का टीला ढहने से चार लड़कियों की मौत, एक घायल



**बक्सर :** बिहार के बक्सर जिले में रविवार सुबह मिट्टी का एक टीला ढहने से चार लड़कियों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना राजपुर थाना क्षेत्र के सरेंजा गांव में उस समय हुई, जब छह लड़कियां कच्चा मकान बनाने के लिए मिट्टी खोद रही थीं। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान शिवानी कुमारी (छह), संजू कुमारी (11), नैनतारा कुमारी (12) और सरिता कुमारी (11) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि इस घटना में एक लड़की घायल भी हो गई, जिसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसपी शुभम आर्य ने कहा, यह बहुत दुखद घटना है। प्रत्येक मृतक के परिजनों को 20,000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। इसके अलावा, संबंधित अधिकारियों द्वारा प्रत्येक के परिजनों को चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि भी प्रदान की जाएगी।

### इस साल पंजाब में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सबसे अधिक 242 अवैध ड्रोन जब्त किए गए : बीएसएफ अधिकारी

**चंडीगढ़ :** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की पश्चिमी कमान के अतिरिक्त महानिदेशक सतीश एस. खंडारे ने रविवार को यहां कहा कि इस साल पंजाब में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर ड्रोन जब्ती की संख्या सबसे अधिक रही है। उन्होंने कहा कि बल अवैध ड्रोन से निपटने के लिए ड्रोन रोधी प्रणाली तैनात कर रहा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर में सशस्त्र आतंकवादियों को भेजकर, पंजाब और राजस्थान में हथियार एवं मादक पदार्थ तस्करी कर ''देश में सुरक्षा स्थिति को अस्थिर करने'' की कोशिश कर रहा है।

## संभल हिंसा: न्यायिक आयोग के सदस्यों ने हिंसा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया



**संभल :** उत्तर प्रदेश के संभल में पिछले महीने शाही जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान हुई हिंसा की जांच के लिए गठित तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग के दो सदस्यों ने रविवार को मस्जिद सहित शहर के हिंसा प्रभावित इलाकों का दौरा किया। आयोग के प्रमुख एवं इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश देवेंद्र कुमार अरोड़ा और सेवानिवृत्त आईपीएस (भारतीय पुलिस सेवा) अधिकारी अरविंद कुमार जैन ने कड़ी सुरक्षा के बीच मस्जिद के पास कोट गर्वी इलाके में हिंसा प्रभावित इलाकों का दौरा किया। आयोग के तीसरे सदस्य पूर्व आईएएस (भारतीय प्रशासनिक सेवा) अधिकारी अमित मोहन प्रसाद इस दौरान मौजूद नहीं थे। मुरादाबाद के मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह ने बाद में बताया, आज (रविवार को) जांच आयोग के अध्यक्ष और एक अन्य सदस्य ने घटनास्थल का दौरा किया। उनका मुख्य उद्देश्य स्थल का निरीक्षण करना था। अधिकारी ने बताया, उन्होंने उन क्षेत्रों का दौरा किया जहां गड़बड़ी हुई थी। टीम ने घटनास्थल एवं मस्जिद की जांच की और वहां मौजूद कुछ लोगों से बात की। टीम फिर से दौरा करेगी और दौरे का पूरा कार्यक्रम घोषित किया जाएगा। वे निश्चित रूप से दोबारा आएंगे।

## राजस्थान: निर्माणाधीन सुरंग का एक हिस्सा ढहने से एक मजदूर की मौत, दो अन्य घायल



**जयपुर :** राजस्थान में कोटा जिले के रामगंज मंडी क्षेत्र में निर्माणाधीन सुरंग का एक हिस्सा ढहने से एक मजदूर की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस अधीक्षक (कोटा ग्रामीण) सुजीत शंकर ने बताया कि कोटा में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर निर्माणाधीन सुरंग का एक हिस्सा शनिवार रात ढह गया जिसके मलबे में दबने से एक मजदूर की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। उन्होंने बताया कि सुरंग के ढहने से तीन मजदूर मलबे में फंस गए और बाद में उन्हें अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने बताया कि शमशेर सिंह (33) को मृत घोषित कर दिया गया और दो घायल मजदूरों का अस्पताल में इलाज जारी है। उन्होंने बताया कि यह हादसा रामगंज मंडी के मोड़क इलाके में हुआ। घटना के बाद पुलिस और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारी मौके पर पहुंचे।

## पीलीभीत में रेलवे लाइन का एक हिस्सा टूटा पाया गया



**पीलीभीत :** उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले के दूधिया खुर्द रेलवे स्टेशन के पास रविवार सुबह रेलवे लाइन का एक हिस्सा संदिग्ध परिस्थितियों में टूटा पाया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पूरनपुर-मैलानी ब्रॉड गेज पटरी पर सुबह करीब साढ़े छह बजे एक मालगाड़ी पूरनपुर रेलवे स्टेशन से दूधिया खुर्द स्टेशन के लिए निकली थी। ग्रामीणों के मुताबिक, धर्मपुर गांव के पास से एक मालगाड़ी गुजर रही थी कि तभी तेज आवाज के बाद रेल पटरी अचानक दो हिस्सों में बंट गई। उन्होंने बताया कि गनीमत रही कि घटना के समय पटरी पर कोई ट्रेन नहीं थी। ग्रामीणों की सूचना पर धर्मपुर खुर्द स्टेशन मास्टर ने टूटी रेल पटरी देखकर विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी, जिसके बाद तकनीकी विभाग के इंजीनियर कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचे और टूटी पटरी की मरम्मत शुरू की गई। इस दौरान रेलगाड़ियों को 10 किलोमीटर से लेकर 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलाया गया।

## वाराणसी : गैस एजेंसी से 147 सिलेंडर लेकर बदमाश फरार, सपा प्रमुख ने सरकार पर साधा निशाना

**वाराणसी/लखनऊ (उप्र) :** वाराणसी जिले के मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के एक गांव स्थित गैस सिलेंडर एजेंसी से कथित तौर पर बदमाश 147 गैस सिलेंडर लेकर फरार हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को इसकी पुष्टि की और कहा कि घटना लूट की है या चोरी की, इसकी जांच की जा रही है। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र में हुई इस घटना को लेकर सत्तारूढ़ दल पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा ने प्रदेश में कानून-व्यवस्था को लतीफा बनाकर छोड़ दिया जो गंभीर रूप से निंदनीय है। वाराणसी जिले के मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के छतेरी गांव स्थित गैस सिलेंडर एजेंसी से शनिवार की रात बदमाश 147 गैस सिलेंडर लेकर फरार हो गए। गोमती जोन के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) प्रमोद कुमार ने बताया कि मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के छतेरी गांव स्थित गैस सिलेंडर एजेंसी से शनिवार की रात बदमाशों द्वारा 147 गैस सिलेंडर उठा ले जाने की सूचना मिली है। उन्होंने कहा कि यह लूट है या चोरी इसकी अभी जांच की जा रही है। डीसीपी ने कहा कि गार्ड ने चाकू दिखाकर लूट की बात बताई है उसके सिर पर चोट लगी है, परंतु चोट पुरानी लग रही है। उन्होंने कहा कि गॉर्ड को चिकित्सा जांच के लिए भेजा गया है और आस पास के सीसीटीवी फुटेज की जांच कराई जा रही है। इस बीच घटना को लेकर रविवार को सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक जारी किया। उन्होंने कहा, ''देश के प्रधान संसदीय क्षेत्र वाराणसी में भरे हुए 147 सिलेंडरों की गन पॉइंट पर लूट की खबर चौंकाने वाली है।'' यादव ने कहा, '' जनता आपस में भाजपा सरकार का मज़ाक़ उड़ाते हुए पूछ रही है कि ये लुटेरे जाते-जाते कहीं ये कहकर तो नहीं गये हैं कि 'होली-दिवाली' का मुफ़्त सिलेंडर का वादा भाजपा सरकार ख़ुद पूरा करेगी या उसको भी इसी तरह ही.।'' सपा प्रमुख ने आरोप लगाया, ''भाजपा ने उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था को लतीफ़ा बनाकर छोड़ दिया। गंभीर रूप से निंदनीय!''

# संसद जनकल्याण के लिए, हर क्षण का उपयोग किया जाना चाहिए: उप राष्ट्रपति धनखड़



**कानपुर :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को कहा कि संसद जनकल्याण के लिए है और सदन के कामकाज के हर क्षण का उपयोग जनकल्याण के लिए किया जाना चाहिए। धनखड़ यहां सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल के स्वर्ण जयंती स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। उपराष्ट्रपति धनखड़ की यह टिप्पणी पिछले सप्ताह अदाणी समूह से जुड़े विवाद और संभल व मणिपुर में हिंसा जैसे विभिन्न मुद्दों पर संसद के दोनों सदनों में हुए विरोध प्रदर्शनों के बाद आई है। धनखड़ ने यहां कहा, हम भारतीय संविधान को अपनाने की सदी की चौथी तिमाही में प्रवेश कर चुके हैं। इसलिए हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि लोकतंत्र के मंदिर में हर क्षण का उपयोग बड़े पैमाने पर लोगों के कल्याण के लिए किया जाए। उपराष्ट्रपति ने कहा, संसद जनकल्याण के लिए है और इसे अपवित्र नहीं किया जाना चाहिए। मुझे यकीन है कि संबंधित पक्षों, खासकर निर्वाचित प्रतिनिधियों द्वारा सभी कदम उठाए जाएंगे ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हम अपने आचरण को अनुशासन और शिष्टाचार के साथ निभाएं। उन्होंने समारोह में मौजूद उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की ओर इशारा करते हुए कहा, हर बार जब मैं राज्यपाल (पटेल) से बात करता हूं, तो एक बात जो आम तौर पर सुनने को मिलती है वह यह कि क्या हम वास्तव में शिक्षा के अधिकार के सार पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं? यह उन लोगों के लिए है, जिनके पास गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच नहीं है और इसलिए एक प्रावधान आया कि हमें समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के छात्रों के लिए विशेष वर्गीकरण करना चाहिए। धनखड़ ने ग्रामीण क्षेत्रों से प्रतिभाओं को पोषित करने का आह्वान किया और विशेष रूप से उन लोगों को, जिनके पास सस्ती गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच नहीं है।

## पंजाब सरकार युवाओं को सामाजिक-आर्थिक विकास में भागीदार बनाने के लिए अथक प्रयास कर रही : मान



**लुधियाना :** मुख्यमंत्री भगवंत मान ने रविवार को कहा कि पंजाब सरकार युवाओं को राज्य के सामाजिक-आर्थिक विकास में सक्रिय भागीदार बनाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। पंजाब कृषि विश्वविद्यालय में एक अंतर-क्षेत्रीय युवा महोत्सव के दौरान एक सभा को संबोधित करते हुए मान ने कहा, ''इन युवाओं में हर क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करने के अंतर्निहित गुण हैं और उनकी क्षमताओं का उचित इस्तेमाल किया जाना चाहिए। छात्र और युवा विमान की तरह हैं और राज्य सरकार उन्हें अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए 'लॉन्च पैड' प्रदान करेगी।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं के विचारों को पंख देने के लिए हरसंभव प्रयास किया जा रहा है और इस उद्देश्य के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है। उन्होंने युवाओं से अपनी खुद की पहचान बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करने की अपील भी की। मान ने युवाओं से अपनी जीत पर गर्व महसूस न करने का आग्रह करते हुए विनम्र रहने और अधिक सफलता के लिए कड़ी मेहनत करने का आग्रह किया। अपने कॉलेज के दिनों को याद करते हुए मान ने कहा कि युवा उत्सव पूरे व्यक्तित्व को निखारने के लिए एक मंच के रूप में काम करते हैं और इन उत्सवों ने उन्हें एक कलाकार और एक राजनेता के रूप में जीवन में उत्कृष्टता हासिल करने में मदद की। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को अपने व्यापक विकास के लिए इन मंचों का उपयोग करना चाहिए। मान ने कहा कि उन्होंने विभिन्न युवा महोत्सवों में प्रदर्शन किया और अपने कॉलेज के लिए ट्रॉफियां जीतीं। उन्होंने कहा कि जीतना ही उनका एकमात्र जुनून था।

## न्यूज इन ब्रीफ

### इसरो 4 दिसंबर को ईएसए का 'प्रोबा-3' मिशन प्रक्षेपित करेगा

**बेंगलुरु :** भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने रविवार को कहा कि इसरो का भरोसेमंद ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी) ईएसए के 'प्रोबा-3' मिशन को लेकर चार दिसंबर को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष केंद्र से उड़ान भरेगा। यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) के 'प्रोबा-3' मिशन में इसरो की वाणिज्यिक शाखा न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) सहयोग कर रही है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''यह मिशन ईएसए के प्रोबा-3 उपग्रहों (550 किग्रा) को एक विशिष्ट उच्च अण्डाकार कक्षा में स्थापित करेगा, जो जटिल कक्षीय अभियानों की पीएसएलवी की विश्वसनीयता को मजबूत करेगा।'' इसरो के मुताबिक, उपग्रह बुधवार शाम चार बजकर आठ मिनट पर उड़ान भरेगा। ईएसए ने कहा कि 'प्रोबा-3' सूर्य के परिमंडल की सबसे बाहरी और सबसे गर्म परत का अध्ययन करेगा।

### निर्वाचन आयोग ने ईवीएम हैक कर सकने के दावे पर व्यक्ति के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई

**नयी दिल्ली :** मुंबई पुलिस की साइबर शाखा ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की 'फ्रीक्वेंसी' से छेड़छाड़ कर ईवीएम को हैक कर सकने का दावा करने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) ने मामले में शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि आरोपी सैयद शुजा द्वारा किया गया दावा झूठा और निराधार है। अधिकारी ने बताया कि 30 नवंबर को दक्षिण मुंबई के साइबर थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम के तहत ''इस वीडियो में दिख रहे व्यक्ति के खिलाफ'' प्राथमिकी दर्ज की गई। सोशल मीडिया पर कुछ लोगों ने एक वीडियो साझा किया था, जिसमें एक व्यक्ति को यह दावा करते सुना जा सकता है कि वह महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में ईवीएम की 'फ्रीक्वेंसी' से छेड़छाड़ कर उसे (ईवीएम को) हैक कर सकता है, जिसके बाद निर्वाचन आयोग ने यह कार्रवाई की। निर्वाचन आयोग ने 2019 में भी इसी तरह का दावा करने के लिए शुजा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया था।

### ईडी ने धनशोधन मामले में राज कुंद्रा को पूछताछ के लिए बुलाया

**मुंबई :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति और व्यवसायी राज कुंद्रा को अश्लील फिल्मों के कथित वितरण से जुड़े धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए बुलाया है। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कुंद्रा को मामले के जांच अधिकारी के समक्ष सोमवार को पेश होने के लिए कहा गया है, लेकिन अगर वह सोमवार को नहीं आ सकते तो सप्ताह में किसी और दिन पेश हो सकते हैं। सूत्रों ने बताया कि मामले में शामिल कुछ अन्य लोगों को भी इस सप्ताह के दौरान पेश होने के लिए कहा गया है, जिनमें उत्तर प्रदेश के कुशीनगर का एक कारोबारी भी शामिल है। केंद्रीय एजेंसी ने 29 नवंबर को कुंद्रा के मुंबई और उत्तर प्रदेश के कुछ शहरों में स्थित अन्य व्यक्तियों के परिसरों पर छापे मारे थे।

### मेरा वक्फ के खिलाफ मार्च 'किसी व्यक्ति के खिलाफ' नहीं : भाजपा विधायक यतनाल

**बेंगलुरु/बेलगावी :** कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)के वरिष्ठ नेता बसनगौड़ा पाटिल यतनाल ने रविवार को कहा कि उनका वक्फ विरोधी मार्च किसी व्यक्ति के खिलाफ नहीं है, बल्कि यह किसानों, 'सनातन धर्म' और हिंदुओं के लिये लड़ाई है। विधायक यतनाल ने वरिष्ठ भाजपा नेताओं रमेश जारकीहोली, महेश कुमाथल्ली, अरविंद लिम्बावली और मधु बंगारप्पा के साथ मिलकर उत्तर कर्नाटक के बीदर से राज्य के दक्षिणी भाग में चामराजनगर तक एक महीने तक चलने वाला 'वक्फ विरोधी' मार्च शुरू किया। यतनाल ने यह मार्च 25 नवंबर को शुरू किया और 25 दिसंबर तक जारी रहेगा।

# हमारी लड़ाई भारत की आत्मा के लिए हैं: प्रियंका गांधी



**वायनाड(केरल) :** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने रविवार को भाजपा नीत केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आज लड़ाई उस ताकत के खिलाफ है जो लोगों के अधिकारों को कमजोर कर उन्हें कुछ ''कारोबारी मित्रों'' को सौंप रही है। उन्होंने यहां मनंतवाडी में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, हम एक ऐसी ताकत के खिलाफ लड़ रहे हैं जो उन संस्थाओं को नष्ट करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है जिन पर हमारा देश बना है। वायनाड से सांसद ने कहा, आज हम अपने राष्ट्र की भावना के लिए, भारत की आत्मा के लिए लड़ रहे हैं। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि यह लड़ाई इस देश की शक्ति और संसाधनों पर उसके लोगों का अधिकार सुनिश्चित करने के लिए है। वायनाड में 30 जुलाई को हुए भीषण भूस्खलन को याद करते हुए प्रियंका ने कहा कि उन्होंने कई त्रासदियां देखी हैं। उन्होंने कहा, जब भी कोई त्रासदी होती है, हम पूरे भारत में जाते हैं, लोगों से मिलते हैं। लेकिन, यहां आकर मैंने जो दर्द और पीड़ा देखी, वह शायद ही कभी देखी हो। प्रकृति का प्रकोप एक छोटे से क्षेत्र में केंद्रित हो गया था। क्षेत्र के सभी मकान बह गए, सभी परिवार विस्थापित हो गए, सभी आजीविकाएं खत्म हो गईं। लेकिन फिर भी इस तबाही के बीच, और इस दर्द व पीड़ा के बीच मैंने आप सभी की मानवता देखी। उन्होंने कहा, आपने धर्म नहीं पूछा, आपने जाति नहीं पूछी, आपने पीड़ितों की मदद के लिए जो कुछ भी कर सकते थे, किया। वायनाड से लोकसभा सदस्य ने कहा, मैं चाहती हूं कि आप में से हर कोई यह जान ले कि आप मेरी जिम्मेदारी हैं। मैं आपके प्यार को पूरी गंभीरता से लेती हूं और अगले पांच वर्षों में आपके भविष्य को बेहतर बनाने के लिए लड़ाई लड़ना मेरा कर्तव्य है। हालिया उप-चुनाव जीतने के बाद वह पहली बार वायनाड पहुंची हैं। उन्होंने कहा कि वह उन्हें मिले प्यार और स्नेह के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए दो दिन के लिए यहां आई हैं। प्रियंका ने कहा, लेकिन इसके बाद मेरा असली काम शुरू होगा और हम आपकी सभी समस्याओं को हल करने के लिए मिलकर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि उनका सबसे पहला काम मलयालम सीखना है। प्रियंका ने कहा, कल ऐसी ही एक सभा में, लोगों के बीच से किसी ने मुझसे कहा कि आप वादा कीजिये कि आप फिर आएंगी।



बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा के लिए बेंगलुरु में हुए प्रार्थना सभा में शामिल हुए श्रद्धालु।

## बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा के लिए राजनयिक माध्यमों का उपयोग कर रही केंद्र सरकार:हिमंत



**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को कहा कि केंद्र सरकार बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपने राजनयिक माध्यमों का उपयोग कर रही है क्योंकि पड़ोसी देश में उन्हें अत्याचार का सामना करना पड़ रहा है। शर्मा ने कहा कि हिंदुओं को सुरक्षा प्रदान करना बांग्लादेश सरकार की जिम्मेदारी है, जो पड़ोसी देश में धार्मिक अल्पसंख्यक हैं। उन्होंने कछार जिले में एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से कहा, ''बांग्लादेश में हो रही घटनाएं दुखद हैं। भारत सरकार पहले ही इस मामले में प्रतिक्रिया दे चुकी है। वहां धार्मिक अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना बांग्लादेश सरकार की जिम्मेदारी है।'' मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यह सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न राजनयिक माध्यमों का उपयोग कर रहे हैं कि बांग्लादेश सरकार हिंदुओं को सुरक्षा प्रदान करे।'' उन्होंने कहा कि भारत के लोगों की प्रार्थनाएं बांग्लादेश के हिंदुओं के साथ हैं। उन्होंने कहा, ''हम सभी वहां हिंदुओं द्वारा सामना की जा रही असुरक्षा, उत्पीड़न और गिरफ्तारी को लेकर चिंतित हैं। लेकिन हमें विश्वास है कि मोदी जी के प्रयासों से उनकी सुरक्षा सुनिश्चित होगी।''

## भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप गलियारा क्षेत्रीय शांति और स्थिरता का स्रोत होगा: फ्रांसीसी व्यापार मंत्री

**नयी दिल्ली :** फ्रांस की विदेश व्यापार मंत्री सोफी प्राइमस ने कहा कि भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईईसी) रणनीतिक आपूर्ति श्रृंखलाओं को बढ़ाएगा, आर्थिक एवं ऊर्जा क्षेत्रों में सुरक्षा को बढ़ावा देगा तथा यह क्षेत्रीय शांति और स्थिरता का स्रोत होगा। प्राइमस ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए साक्षात्कार में कहा कि फ्रांस प्रस्तावित गलियारे को क्षेत्रीय एकीकरण, स्थिरता तथा व्यापार मार्गों को कार्बन मुक्त करने की प्रक्रिया में तेजी लाने के अवसर के रूप में देखता है। आईएमईईसी का लक्ष्य भारत, सऊदी अरब, अमेरिका और यूरोप के बीच वृहद सड़क,



रेलमार्ग और जहाजरानी नेटवर्क स्थापित करना है। इसका उद्देश्य एशिया, पश्चिम एशिया और पश्चिम देशों के बीच एकीकरण सुनिश्चित करना है। प्राइमस ने भारत की अपनी तीन दिवसीय यात्रा के अंत में कहा, ''यह परियोजना राष्ट्रीय हितों के लिए महत्वपूर्ण है, यह रणनीतिक आपूर्ति श्रृंखलाओं को बढ़ाएगी तथा भारत, यूरोप और पश्चिम एशिया में आर्थिक, ऊर्जा और स्वास्थ्य क्षेत्रों में सुरक्षा को बढ़ावा देगी।''

## देश में एड्स से जुड़ी मौतों में 79 प्रतिशत की गिरावट, नये मामले 44 फीसद घटे : स्वास्थ्य मंत्री



**इंदौर :** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने रविवार को बताया कि देश में वर्ष 2010 के मुकाबले 2023 में एड्स के नये मामलों में 44 फीसदी की गिरावट दर्ज की गयी जबकि एचआईवी संक्रमण से जुड़ी मौतों में 79 प्रतिशत की कमी देखी गयी। उन्होंने वर्ष 2030 तक एड्स के खात्मे के सतत विकास लक्ष्य के प्रति देश की तेज प्रगति का ब्यौरा देते हुए यह बात कही। नड्डा ने विश्व एड्स दिवस पर इंदौर में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में सरकारी आंकड़ों के हवाले से बताया कि देश में फिलहाल करीब 17.30 लाख लोग एड्स से पीड़ित हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि वर्ष 2030 तक एड्स को जड़ से मिटाने को लेकर संयुक्त राष्ट्र का सतत विकास लक्ष्य हासिल करने के लिए भारत सरकार प्रतिबद्ध है। नड्डा ने बताया कि इस लक्ष्य को पाने के लिए जांच और चिकित्सा के नवीन उपाय अपनाए जाएंगे तथा एड्स (रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम 2017 को पूरी तरह लागू किया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि भारत सरकार ने 2030 तक एड्स के खात्मे के लक्ष्य के मद्देनजर '95-95-95' का फॉर्मूला तय किया है यानी देश के 95 प्रतिशत मरीजों को पता होना चाहिए कि वे एचआईवी से संक्रमित हैं, 95 प्रतिशत मरीजों को इलाज मिलना चाहिए और एंटी रेट्रोवायरल थेरेपी की दवाओं के जरिये 95 प्रतिशत मरीजों का ''वायरल लोड'' घटाया जाना चाहिए। नड्डा ने बताया, ''मैं आपके साथ यह बात साझा करना चाहता हूं कि फिलहाल देश के 81 प्रतिशत मरीजों को पता है कि वे एचआईवी से संक्रमित हैं, 88 प्रतिशत मरीजों का इलाज किया जा रहा है और 97 प्रतिशत मरीजों का वायरल लोड घटाया जा चुका है।''

## मणिपुर के नौ जिलों में मोबाइल इंटरनेट प्रतिबंध तीन दिसंबर तक बढ़ाया गया

**इंफाल :** मणिपुर सरकार ने रविवार को राज्य के नौ जिलों में मोबाइल इंटरनेट पर रोक को दो दिन के लिए बढ़ाकर तीन दिसंबर तक कर दिया। गृह विभाग की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, काकचिंग, बिष्णुपुर, थौबल, चुराचांदपुर, कांगपोकपी, फेरजावल और जिरीबाम में इंटरनेट पर रोक को बढ़ा दिया गया है। आदेश में कहा गया, ''राज्य सरकार ने मौजूदा कानून-व्यवस्था की स्थिति और इंटरनेट सेवाओं के सामान्य संचालन के साथ इसके संबंध की समीक्षा करने के बाद जनहित में मणिपुर के इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, काकचिंग, बिष्णुपुर, थौबल, चुराचांदपुर, कांगपोकपी, फेरजावल और जिरीबाम में तीन दिसंबर की शाम 5.15 बजे तक वीसैट और वीपीएन सेवाओं सहित मोबाइल इंटरनेट एवं मोबाइल डेटा सेवाओं को निलंबित रखने का फैसला किया है।'' मणिपुर और असम में क्रमश: जिरी और बराक नदियों में तीन महिलाओं और तीन बच्चों के शव बरामद होने के बाद राज्य में हिंसा भड़कने के चलते 16 नवंबर से इंटरनेट सेवाएं अस्थायी रूप से निलंबित कर दी गई हैं। मणिपुर सरकार ने आम लोगों, स्वास्थ्य सुविधाओं, शैक्षणिक संस्थानों और अन्य कार्यालयों को होने वाली कठिनाइयों को देखते हुए 19 नवंबर को ब्रॉडबैंड सेवाओं पर निलंबन सशर्त हटा दिया था।

## गुजरात: फोन ठीक कराने के लिए पैसे मांगने पर नाबालिग ने की दोस्त की हत्या

**वलसाड (गुजरात) :** गुजरात के वलसाड जिले में एक नाबालिग को दोस्त की हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि नाबालिग ने अपने दोस्त का फोन तोड़ दिया था और जब पीड़ित ने अपना फोन ठीक कराने के लिए उससे पैसे मांगे तो आरोपी ने अपने दोस्त की हत्या कर दी। उसने बताया कि आरोपी अपने 16 वर्षीय दोस्त को वलसाड जिले के पारडी कस्बे में एक खाली पड़ी इमारत में ले गया। इसके बाद आरोपी ने अपने दोस्त को 'एलिवेटर शाफ्ट' (लिफ्ट लगाने के लिये छोड़ी गयी खाली जगह) में धकेल दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित के पिता ने प्राथमिकी में बताया कि उनका बेटा 27 नवंबर की सुबह घर से निकला था और दो दिन तक वह घर नहीं वापस आया। पुलिस ने कहा, ''उसी दिन (27 नवंबर सुबह) लड़के (16) का शव पारडी आईटीआई के पीछे एक औद्योगिक क्षेत्र स्थित इमारत के 'एलिवेटर शाफ्ट' में मिला।'' जिला अपराध शाखा और एक विशेष अभियान समूह ने मामले की जांच शुरू की और आस-पास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच की, जिसके बाद मृतक के नाबालिग दोस्त को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने बताया कि उसने अपने दोस्त की हत्या इसलिए की क्योंकि वह उससे बार-बार फोन ठीक कराने के लिए पैसे मांग रहा था, जिसे आरोपी ने कुछ दिन पहले तोड़ दिया था।

## गैर-प्रवासियों से विवाह करने वाली कश्मीरी पंडित युवतियों के प्रवासी दर्जे में कोई बदलाव नहीं: अदालत

**जम्मू :** जम्मू कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय ने कहा है कि कश्मीरी पंडित युवतियों के गैर-प्रवासियों से विवाह करने पर उनके प्रवासी दर्जे में कोई बदलाव नहीं होगा। अदालत ने यह टिप्पणी 'पीएम रोजगार पैकेज' के तहत चयनित दो महिलाओं के पक्ष में केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (कैट) के आदेश को बरकरार रखते हुए की। सीमा कौल और विशालनी कौल ने 2018 में तब उच्च न्यायालय का रुख किया था, जब कश्मीरी प्रवासियों के लिए प्रधानमंत्री पैकेज के तहत आपदा प्रबंधन राहत, पुनर्वास और पुनर्निर्माण विभाग में विधि सहायक के पद पर अनंतिम चयन पर रोक लगा दी गई थी कि गैर-प्रवासी व्यक्तियों से विवाह करने की वजह से उन्होंने अपना प्रवासी दर्जा खो दिया है। न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन और न्यायमूर्ति मोहम्मद यूसुफ वानी की खंडपीठ ने पिछले महीने सात पृष्ठों के अपने आदेश में कहा, ''इस अदालत के समक्ष एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक प्रश्न यह उठता है कि क्या एक महिला को, जिसे उसके और उसके परिवार द्वारा झेली गई उस पीड़ा के कारण प्रवासी का दर्जा दिया गया है, जिसके कारण उन्हें कश्मीर घाटी में अपना घर-बार छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा..., के साथ भेदभाव किया जा सकता है और क्या वह केवल इस तथ्य के आधार पर उक्त दर्जा खो सकती है कि उसने एक गैर-प्रवासी से विवाह किया था?'' खंडपीठ ने कहा, ''ऐसा कहना मानवीय स्वभाव के खिलाफ होगा। यहां प्रतिवादी महिलाएं हैं और उन्हें बिना किसी गलती के कश्मीर घाटी में अपना मूल निवास स्थान छोड़ना पड़ा। उनसे यह उम्मीद नहीं की जा सकती कि वे कश्मीर घाटी में प्रवासी के तौर पर नौकरी पाने के लिए अविवाहित रहेंगी।'' पीठ ने कहा कि यह मानना भी उचित है कि पलायन के कारण हर प्रवासी महिला ऐसी स्थिति में नहीं होगी कि उसे एक ऐसा जीवनसाथी मिले, जो स्वयं प्रवासी हो। अदालत ने कहा कि ऐसी स्थिति में यह मान लेना कि युवती प्रवासी के रूप में अपना दर्जा सिर्फ इसलिए खो देगी क्योंकि घर बसाने की स्वाभाविक इच्छा के कारण उसे मौजूदा परिस्थितियों के कारण गैर-प्रवासी से विवाह करना पड़ा, घोर ''भेदभावपूर्ण'' होगा और न्याय की अवधारणा के विरुद्ध होगा।

## न्यूज अपडेट

### मप्र : लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का सदस्य दो साथियों और अवैध हथियारों समेत गिरफ्तार

**इंदौर (मध्यप्रदेश) :** इंदौर में पुलिस ने कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के एक सदस्य को उसके दो साथियों और अवैध हथियारों के साथ रविवार को गिरफ्तार किया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) अभिनय विश्वकर्मा ने संवाददाताओं को बताया कि मुखबिर की सूचना पर शहर के लसूड़िया थाना क्षेत्र के बाईपास रोड पर एक कार से गिरफ्तार आरोपियों की पहचान भूपेंद्र सिंह रावत, आदेश चौधरी और दीपक सिंह रावत के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि तीनों आरोपी राजस्थान के रहने वाले हैं। अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में शामिल भूपेंद्र, लॉरेंस बिश्नोई के गिरोह का सदस्य है। विश्वकर्मा ने बताया कि वर्ष 2017 में पंजाब के फरीदकोट जेल में अफीम के एक मामले में बंद रहने के दौरान बिश्नोई से भूपेंद्र की मुलाकात हुई थी और वह उसके गिरोह से जुड़कर अवैध वसूली और अन्य अपराधों को अंजाम दे रहा था। अधिकारी ने बताया, बिहार के गोपालगंज में पुलिस ने छह ग्लॉक पिस्तौल की तस्करी के मामले में भूपेंद्र की गिरफ्तारी पर 50,000 रुपये का इनाम घोषित कर रखा है। इससे पहले, पंजाब पुलिस दो ग्लॉक पिस्तौल की तस्करी के मामले में उसे गिरफ्तार कर चुकी है और वह इस मामले में जमानत पर बाहर है। विश्वकर्मा ने बताया कि भूपेंद्र और उसके दो साथियों की तलाशी लेने पर तीन अवैध पिस्तौल और छह कारतूस बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि तीनों आरोपी शराब से भरे एक ट्रक को अगवा करने के इरादे से इंदौर के बाईपास रोड पर कार से घूम रहे थे। विश्वकर्मा ने बताया कि आरोपियों की कार को भी जब्त कर लिया गया है और उनके खिलाफ विस्तृत जांच जारी है।

### त्रिपुरा में इस साल 55 रोहिंग्या सहित 675 प्रवासियों को पकड़ा गया: बीएसएफ

**अगरतला :** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के 'त्रिपुरा फ्रंटियर' ने इस साल अब तक 55 रोहिंग्या सहित कुल 675 अवैध प्रवासियों को पकड़ा गया है। रविवार को जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई। बीएसएफ ने इस दौरान 66,316 बोतल फेंसेडिल कफ सिरप, 9,000 किलोग्राम से अधिक गांजा और छह लाख से अधिक याबा (मादक पदार्थ) गोलियां भी जब्त की हैं। रविवार को बीएसएफ के स्थापना दिवस के अवसर पर जारी बयान में कहा गया, ''बीएसएफ ने इस साल 1 जनवरी से 30 नवंबर तक विभिन्न अभियानों में 55 अवैध रोहिंग्या प्रवासियों, 620 बांग्लादेशी नागरिकों और 260 भारतीयों को पकड़ा।'' बीएसएफ त्रिपुरा फ्रंटियर ने उग्रवाद का मुकाबला करने, सीमा के आर-पार अपराधों को रोकने सहित कई जिम्मेदारियां निभाई हैं। बयान में कहा गया है कि बीएसएफ ने राज्य प्राधिकारियों और अन्य सुरक्षा एवं खुफिया एजेंसियों के साथ लगातार तालमेल बनाए रखा है, सीमाओं की सुरक्षा की है और स्थानीय लोगों के बीच सद्भाव को बढ़ावा दिया है। बयान में कहा गया है कि बांग्लादेश में हालिया हिंसा के दौरान, बीएसएफ ने बीजीबी (बॉर्डर गार्ड्स बांग्लादेश) और अन्य एजेंसियों के साथ समन्वय कर फंसे हुए भारतीय छात्रों और श्रमिकों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित की तथा उन्हें हरसंभव सहायता प्रदान की। इससे पहले, मुख्यमंत्री माणिक साहा ने पश्चिमी त्रिपुरा के शालबागान में बीएसएफ फ्रंटियर मुख्यालय में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अंतरराष्ट्रीय सीमा की रक्षा के लिए अर्धसैनिक बल की प्रशंसा की।

### बोफोर्स मामला: निजी जासूस से जानकारी मांगने के लिए अमेरिका को एलआर भेजेगी सीबीआई

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) बोफोर्स मामले में निजी जासूस माइकल हर्शमैन से जानकारी मांगने के लिए जल्द ही अमेरिका को एक न्यायिक अनुरोध भेजेगा। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। हर्शमैन ने 1980 के दशक के 64 करोड़ रुपये के कथित बोफोर्स रिश्वत कांड के बारे में महत्वपूर्ण विवरण भारतीय एजेंसियों के साथ साझा करने की इच्छा व्यक्त की थी। सीबीआई ने एक विशेष अदालत को भी इस घटनाक्रम के बारे में सूचित किया है, जो मामले में आगे की जांच के लिए एजेंसी की याचिका पर सुनवाई कर रही है। अधिकारियों ने बताया कि 'लेटर रोगेटरी' (एलआर) भेजने की प्रक्रिया इस वर्ष अक्टूबर में शुरू की गई थी और अमेरिका को औपचारिक अनुरोध भेजने में लगभग 90 दिन लगने की संभावना है, जिसका उद्देश्य कथित रिश्वत मामले की आगे की जांच के लिए सूचना प्राप्त करना है। लेटर रोगेटरी एक लिखित अनुरोध है जो एक देश की अदालत द्वारा किसी आपराधिक मामले की जांच या अभियोजन में सहायता प्राप्त करने के लिए दूसरे देश की अदालत को भेजा जाता है।

## चक्रवात 'फेंगल' कमजोर पड़ा, बारिश से पुडुचेरी, तमिलनाडु के विल्लुपुरम में आम जनजीवन प्रभावित

**पुडुचेरी/चेन्नई :** पुडुचेरी के पास शनिवार को पहुंचा चक्रवात 'फेंगल' रविवार को कमजोर पड़ गया। हालांकि, इसके प्रभाव से केंद्र-शासित प्रदेश में होने वाली मूसलाधार बारिश की वजह से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया और बाढ़ग्रस्त सड़कों पर फंसे लोगों को निकालने के लिए सेना को आगे आना पड़ा। बुजुर्गों ने कहा कि पुडुचेरी में पिछले तीन दशक में प्रकृति का ऐसा प्रकोप नहीं देखा गया था। पड़ोसी तमिलनाडु के विल्लुपुरम में भी बारिश और बाढ़ से भारी नुकसान हुआ। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने जिले में बारिश को 'अभूतपूर्व' करार दिया। अधिकारियों ने बताया कि चेन्नई हवाई अड्डे पर परिचालन आधी रात



के बाद फिर से शुरू हो गया, लेकिन शुरुआत में कई उड़ानें रद्द करनी पड़ीं और कई विमानों ने देरी से उड़ान भरी। हालांकि, बाद में दिन में परिचालन सामान्य हो गया। चक्रवात के मद्देनजर चेन्नई हवाई अड्डे पर सेवाएं शनिवार को निलंबित कर दी गई थीं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) की ओर से उपलब्ध कराई गई ताजा जानकारी के मुताबिक, चक्रवात 'फेंगल' कमजोर पड़कर गहरे दबाव वाले क्षेत्र में तब्दील हो गया है। आईएमडी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, उत्तर तटीय तमिलनाडु और पुडुचेरी के पास पहुंचा चक्रवाती तूफान 'फेंगल' पिछले 12 घंटों के दौरान व्यावहारिक रूप से स्थिर रहा और अब यह कमजोर होकर एक गहरे दबाव वाले क्षेत्र में बदल गया है और एक दिसंबर 2024 को पूर्वाह्न 11.30 बजे पुडुचेरी के करीब, कुड्डालोर से लगभग 30 किलोमीटर उत्तर में, विल्लुपुरम से 40 किलोमीटर पूर्व में और चेन्नई से 120 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिण पश्चिम में अक्षांश 12.0 डिग्री उत्तर और 79.8 डिग्री पूर्व देशांतर के पास उसी क्षेत्र पर केंद्रित था। पोस्ट के मुताबिक, चक्रवात के अगले 12 घंटे के दौरान बहुत धीमी गति से पश्चिम की तरफ बढ़ने और उत्तरी तमिलनाडु में धीरे-धीरे कमजोर होकर दबाव में बदलने की संभावना है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने डिजिटल धोखाधड़ी, साइबर अपराध, एआई से उत्पन्न खतरों पर चिंता व्यक्त की



**भुवनेश्वर :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को डिजिटल धोखाधड़ी, साइबर अपराध और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) प्रौद्योगिकी के कारण उत्पन्न संभावित खतरों, विशेष रूप से सामाजिक और पारिवारिक संबंधों को बाधित करने के लिए 'डीपफेक' की क्षमता पर चिंता व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने पुलिस महानिदेशकों/महानिरीक्षकों के 59वें अखिल भारतीय सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए पुलिस आरक्षियों के कार्यभार को कम करने के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग का आह्वान किया। उन्होंने सुझाव दिया कि पुलिस थानों को संसाधन आवंटन का केन्द्र बिन्दु बनाया जाना चाहिए। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक मोदी ने सुरक्षा चुनौतियों के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय आयामों पर व्यापक चर्चा को रेखांकित किया एवं सम्मेलन के दौरान उभरी जवाबी रणनीतियों पर संतोष व्यक्त किया। प्रधानमंत्री मोदी ने डिजिटल धोखाधड़ी, साइबर अपराध और एआई प्रौद्योगिकी से उत्पन्न संभावित खतरों का प्रतिकार करने के लिए पुलिस नेतृत्व से भारत की कृत्रिम बुद्धिमत्ता और आकांक्षी भारत की दोहरी एआई शक्ति का उपयोग करके चुनौती को अवसर में बदलने का आह्वान किया। मोदी ने शहरी पुलिस व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए उठाए गए कदमों की सराहना करते हुए सुझाव दिया कि प्रत्येक पहल को एकीकृत किया जाए और देश के 100 शहरों में पूरी तरह से लागू किया जाए। उन्होंने 'स्मार्ट' पुलिसिंग के मंत्र का विस्तार किया और पुलिस से रणनीतिक, सतर्क, अनुकूलनीय, विश्वसनीय और पारदर्शी बनने का आह्वान किया। 'स्मार्ट' पुलिसिंग का विचार प्रधानमंत्री द्वारा 2014 में गुवाहाटी में आयोजित सम्मेलन में पेश किया था।

